तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 27.8 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 21 जून 2026

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]


महाराणा प्रताप चौक पर 12 बजे सिग्नल बंद होने के बाद भी ट्रैफिक रुका रहा।

(बिलासपुर) प्रवेश प्रारंभ (बिलासपुर)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: लोधीपारा पुराना सरकंडा (कोनी रोड) बिलासपुर
मो. 9203905369, 9203914564, 9203914561

## सेंट्रल यूनिवर्सिटी की डिग्री-मार्कशीट समेत सभी दस्तावेजों में होगा बदलाव, 'इंडिया' शब्द को हटाकर 'भारत' लिखा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर


■ मौजूदा स्टॉक खत्म होने के बाद नए दस्तावेजों में होगा परिवर्तन

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने अब इंडिया की जगह 'भारत' लिखने का फैसला किया है। इसके तहत यूनिवर्सिटी अपनी डिग्री, मार्कशीट और आधिकारिक पत्राचार में अब भारत शब्द का इस्तेमाल करेगी। कुलपति आलोक कुमार चक्रवाल के मुताबिक यूनिवर्सिटी की स्टैंडिंग कमेटी ने करीब 6 महीने पहले इस संबंध में फैसला लिया था। मौजूदा स्टॉक खत्म होने के बाद नई मार्कशीट, डिग्री और ऑफिशियल डॉक्यूमेंट्स में 'इंडिया' शब्द को हटाकर 'भारत' लिखा जाएगा। दरअसल अभी के डॉक्यूमेंट में 'भारत' और 'इंडिया' दोनों भाषाओं का जिक्र होता है। पुरानी मार्कशीट में जहां 'इंडिया' लिखा है, वहां अब 'भारत' लिखा जाएगा।

कुलपति ने कहा कि साल 2023 में आयोजित जी20 समिट 2023 के दौरान राष्ट्रपति की ओर से भेजे गए आधिकारिक रात्रिभोज निमंत्रण में 'भारत' शब्द का उपयोग किया गया था। उनका कहना है कि जब देश की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था इस परंपरा का पालन करती है, तो विश्वविद्यालय भी उसी दिशा में कदम बढ़ा रहा है। कुलपति चक्रवाल ने कहा कि 'भारत' शब्द भारतीय सभ्यता, संस्कृति और परंपरा से गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक रूप से आर्यावर्त और जंबूद्वीप के क्षेत्र को भारत कहा जाता रहा है, जबकि 'इंडिया' नाम विदेशियों द्वारा प्रचलित किया गया था। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य देश की सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं को मजबूत करना है। इसी सोच के तहत आधिकारिक दस्तावेजों में 'भारत' शब्द को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया है।

### धीरे-धीरे लागू होगा फैसला

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह बदलाव एक साथ नहीं किया जाएगा। वर्तमान में मिली डिग्री और मार्कशीट का स्टॉक खत्म होने के बाद नए पेटर्न में डॉक्यूमेंट जारी किए जाएंगे, जिनमें केवल 'भारत' का उल्लेख रहेगा। तय किया गया है कि यूनिवर्सिटी की मार्कशीट ही नहीं बल्कि सभी दस्तावेजों में बदलाव किया जाएगा। विश्वविद्यालय के सभी आधिकारिक पत्राचार, प्रमाणपत्रों और अन्य दस्तावेजों में भी यह फैसला लागू होगा।

## खबर संक्षेप

### बदल रहा मौसम, बारिश की देरी ने चौंकाया

**बिलासपुर।** प्रदेश में मानसूनी गतिविधियों की कमजोरी के कारण अबतक बारिश के लिए तरसना पड़ रहा है, लेकिन मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार जल्द ही मौसम में बदलाव संभव है। प्रदेश में तीन सक्रिय परिस्थितियां बनने लगी है, जिससे बारिश होने की उम्मीद जग रही है। दरअसल आसमान पर बादल छा रहे हैं लेकिन बिना बरसे ही लौट रहे है। इस दौरान तेज धूप से राहत मिल रही है, लेकिन उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटे में बारिश के आसार है। प्रदेश में 3 अलग -अलग सिस्टम एक्टिव हो रहे है। जिसमें पंजाब से बिहार के बीच बनी द्रोणिका, तेलंगाना और तमिलनाडु तक फैली ट्रफ और दक्षिण से आ रही नर्मी युक्त हवाएं शामिल है। जिसके प्रभाव से मौसम हवाएं अनुकुल होने लगी है।

### सनरूफ से बाहर निकलकर स्टंट, युवक युवती गिरफ्तार



**बिलासपुर।** कार के सनरूफ से बाहर निकलकर खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाते हुए स्टंट करने वाले युवक युवती को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार जब्त कर लिया है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक विकास सेंगर ने बताया, 16 जून को महाराणाप्रताप चौक से राजीव गांधी चौक की ओर जाते हुए एक कार के सनरूफ से युवती के बाहर निकलकर खतरनाक तरीके से गाड़ी चला रहे थे, सोशल मीडिया में इसका वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो का अवलोकन करने के बाद कार नम्बर के आधार पर कार चालक तिफरा निवासी राकेश कुमार साहू पिता सुखलाल साहू 39 साल व मंगला निवासी रूपकुमारी मानिकपुरी पिता छोटे लाल मानिकपुरी 23 साल को पकड़कर कार क्रमांक सीजी 10 सीए, 1226 को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 281, 184 के तहत दोनों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया गया है।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन आज

**बिलासपुर।** केवट निषाद समाज के विद्यार्थियों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। केवट निषाद समाज द्वारा संचालित बिलासा छात्रावास लिंगियाडीह एवं डबरीपारा में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संयुक्त प्रतियोगिता 21 जून रविवार को बिलासा छात्रावास लिंगियाडीह में सुबह 9 बजे से आयोजित होगी। बिलासा सेवा समिति का मुख्य उद्देश्य समाज के विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता के उपरांत सुबह 11 बजे से बिलासा सेवा समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पदाधिकारियों के चयन हेतु बैठक आयोजित की जाएगी। वर्तमान कार्यकारिणी का 3 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के कारण नए पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। इस बैठक में समिति के समस्त सदस्यगण एवं भूतपूर्व विद्यार्थियों से उपस्थित होने की अपील की गई है।

परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5.15 बजे तक होगी, प्रशासन ने की अंतिम जांच और रिहर्सल

## कड़ी सुरक्षा के बीच 19 केन्द्रों में नीट की परीक्षा आज, 7896 परीक्षार्थी शामिल होंगे


परीक्षा केंद्र का जायजा लेते कलेक्टर-एसएसपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नीट की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रविवार 21 जून को शहर के 19 केन्द्रों में होगी। परीक्षा में जिले में 7896 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सफल और निष्पक्ष आयोजन के लिए जिले में शनिवार को तैयारियों की अंतिम जांच और रिहर्सल की गई। इस दौरान जिला प्रशासन और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जिले के सभी केंद्रों पर सुरक्षा, निगरानी और प्रवेश व्यवस्था की जांच की और सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया। ध्यान रहे कि यह परीक्षा 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक ही केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। सभी केंद्रों पर बायोमेट्रिक सत्यापन, पहचान जांच और सुरक्षा जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही परीक्षा सेंटरों की सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी, प्रश्नपत्रों के सुरक्षित भंडारण एवं परिवहन, यातायात प्रबंधन, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, स्वच्छता और चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा की गई।

■ अभ्यर्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक ही केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा



कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसएसपी रजनेश सिंह ने शनिवार को शहर के 19 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। नीट पेपर लीक की घटना के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं। साथ ही, बारिश की संभावना को देखते हुए भी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डिप्टी कलेक्टर और नीट परीक्षा के नोडल अधिकारी एनपी गबेल ने बताया कि परीक्षार्थियों से कहा गया है कि वे प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ कर परीक्षा केंद्र और केंद्र संख्या (सेंटर कोड) का अच्छे से मिलान कर सही परीक्षा केंद्र में निर्धारित समय तक पहुंचें।

### समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने की सलाह

परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए नकल या किसी भी तरह की अनियमितता रोकने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने छात्रों से कहा है कि वे अपना एडमिट कार्ड और वैध फोटो आईडी साथ लेकर आएं और परीक्षा केंद्र पर समय से पहले पहुंचें। छात्रों को हल्के और सिंपल कपड़े पहनकर आने की सलाह दी गई है। मेटल वाले बटन, चेन, गहने या भारी फुटवियर पहनकर न आएं। साधारण चप्पल या सैंडल पहनना बेहतर रहेगा। अगर कोई छात्र धार्मिक या पारंपरिक ड्रेस में आता है तो उसे सिक्योरिटी चेक में ज्यादा समय लग सकता है। ऐसे में उसे और पहले पहुंचने की सलाह दी गई है।

### पानी बोतल व ये लेकर आएं

नोडल अधिकारी ने बताया कि परीक्षार्थी अपने साथ अपना प्रवेश पत्र, फोटोयुक्त पहचान पत्र (आइडेंटिटी कार्ड - आधार कार्ड, पेन कार्ड आदि), प्रवेश पत्र में निर्देशित फ़ोटो (पासपोर्ट साइज एवं पोस्ट कार्ड साइज) के अतिरिक्त पारदर्शी पानी की बोतल लेकर आएं। केंद्रों में पर्याप्त शेड की व्यवस्था है ताकि फ्रिस्किंग और एंट्री प्रक्रिया आसानी से हो सके। फ्रिस्किंग प्वाइंट पर भी शेड और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### इन पर रहेगा प्रतिबंध

- मोबाइल फ़ोन, स्मार्ट घड़ी, कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स
- ब्लू टूथ डिवाइस, इयरफोन माइक्रोफोन, पेजर आदि
- कैलक्यूलेटर, लॉग टेबल, स्लाइड रूल्स, जॉमेट्री बॉक्स
- पेन, पेंसिल, इरेज़र, स्केल (एनटीए बॉल पॉइंट पेन प्रदान करेगा)
- किताबें, नोट्स, कागज, लिखित या प्रिंटेड सामग्री
- हैंडबैग, पर्स, वॉलेट, गहने
- कैमरा, रिकॉर्डर, कोई अन्य डिवाइस
- खाने की सामग्री, परफ्यूम आदि
- किसी भी कागजात की फोटोकॉपी
- टोपी, मफलर, पूरी बाँह के वस्त्र

### इन सेंटरों में होगी परीक्षा

नोडल अधिकारी के मुताबिक शहर में 19 एग्जाम सेंटर बनाए गए हैं, इनमें पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय बिलासपुर, पं देवकीनंदन दीक्षित कन्या हायर सेंकेडरी स्कूल, लाल बहादुर शास्त्री स्कूल, एसईसी रेलवे हायर सेंकेडरी स्कूल नंबर 1 और 2, गवर्नमेंट स्वामी आत्मानंद हायर सेंकेडरी स्कूल लिंगियाडीह, इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन तारबाहर चौक, स्वामी आत्मानंद उत्कर्ष हिंदी मिडियम स्कूल, महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल, लाला लाजपतराय इंग्लिश मिडियम स्कूल, जीजीवी कोनी बिल्डिंग नंबर 32, आर्ट्स एंड साइंस बिल्डिंग, इंजीनियरिंग कालेज बिरकोना, जेपी वर्मा कालेज, बिलासा गर्ल्स कालेज, न्यू आईटी बिल्डिंग, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, स्वामी आत्मानंद स्कूल तिफरा, सरकंडा एवं सकरी शामिल है।

### बच्चों - पालकों की सुविधा के लिए बढ़ाए गए ट्रेनों में कोच

रेसन ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के तीनों डिवीजन में नीट परीक्षा के लिए विशेष तैयारी करने के साथ ट्रेनों को समय पर चलाने के अलावा कोच की संख्या बढ़ाने का कार्य किया है। रविवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के दौरान बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों के आवागमन को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने व्यापक विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडल के विभिन्न परीक्षा केंद्रों वाले स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा, सुरक्षित आवागमन तथा भीड़ प्रबंधन के लिए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों वाले स्टेशनों पर परीक्षार्थियों की अधिक संख्या में आवागमन की संभावना को ध्यान में रखते हुए प्रमुख स्टेशनों पर विशेष व्यवस्था की जा रही है। परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों की सुविधा के लिए स्टेशनों पर पर्याप्त पेयजल, स्वच्छ प्रतीक्षालय, प्रकाश व्यवस्था, पंखे, लिफ्ट एवं एस्केलेटर सहित अन्य यात्री सुविधाओं को सुचारु रखा जाएगा। प्रमुख स्टेशनों पर अस्थायी होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे, जहां बैठने की व्यवस्था, पेयजल एवं किफायती भोजन-नाश्ते की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रमुख स्टेशनों पर विशेष हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे, जहां स्काउट्स एवं गाइड्स, वाणिज्यिक कर्मचारी तथा रेलवे स्टाफ तैनात रहेंगे।

### सुरक्षा में तैनात रहेंगे 200 पुलिस अधिकारी व जवान

नीट परीक्षा आयोजित करने पुलिस प्रशासन ने तैयारी कर ली है। परीक्षा केंद्रों व शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाने 200 पुलिस अधिकारी व जवानों की ड्यूटी लगाई है। एडीशनल एसपी रश्मीत कौर चावला ने बताया, एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देशन पर नीट परीक्षा के लिए सभी 19 परीक्षा केंद्रो में तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। परीक्षा केंद्रो व शहर के अंदर सुगम ट्रैफिक व्यवस्था बनाने के लिए लगभग 200 पुलिस अधिकारी व जवानों की ड्यूटी लगाई है। सभी परीक्षा केंद्रों के अंदर पुलिस जवान तैनात रहेंगे। इसके अलावा बाहर में पृथक से फोर्स तैनात की जा रही है। परीक्षा केंद्रो के आसपास कोचिंग सेंटरों का विज्ञापन लगाने व प्रचार करने पर प्रतिबंध लगाया है। सुरक्षा में तैनात जवान इन पर नजर रखेंगे। इसके अलावा संबंधित थाना क्षेत्र के पेट्रोलिंग पार्टी, डायल 112 लगातार परीक्षा केंद्रो का भ्रमण करेंगे। ट्रैफिक एडीशनल एसपी रामगोपाल करियारे ने बताया, 21 जून को शहर में सभी दिशाओं से भारी वाहनों की नो एंट्री है। सभी मार्गों पर यातायात व पुलिस के पर्याप्त बल लगाया जा रहा है। यातायात दबाव वाले मार्ग में आवश्यकता अनुसार मार्ग को परिवर्तित किया जा सके।

केंद्रीय मंत्री ने सीएमओ को लगाई फटकार



## शिविर में न विधायक को आमंत्रित किया और न ही हितग्राहियों को बुलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/तखतपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर तखतपुर नगर पालिका में आयोजित शिविर में सीएमओ ने केंद्रीय मंत्री तोखन साहू को आमंत्रित किया, परन्तु स्थानीय विधायक धर्मजीत सिंह को आमंत्रित ही नहीं किया, और तो और जिन हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिलना है, उन्हें भी नहीं बुलाया। कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय मंत्री श्री साहू ने इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए सीएमओ को जमकर फटकार लगाई और उन्हें कार्रवाई की चेतावनी दे डाली।

नगर पालिका के अधिकारियों ने उक्त शिविर का आयोजन नगर पालिका परिसर में किया था। आनन फानन में आयोजित शिविर में कुछ मितानिनों और स्वच्छता दीदियों को एकत्रित कर लिया गया। शहर के कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं को भी बुला लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री तोखन साहू थे। निर्धारित समय पर श्री साहू कार्यक्रम में पहुंचे, तो अव्यवस्था देख उन्हें कुछ शंका हुई। स्थानीय विधायक धर्मजीत सिंह को अनुपस्थित देख उन्होंने उनसे फोन पर चर्चा की, जानकारी के अनुसार विधायक श्री सिंह ने उन्हें बताया कि उन्हें कार्यक्रम की सूचना ही नहीं दी गई है, इसलिए वे दूसरे क्षेत्र के दौरे पर निकल गए हैं। यह जानकारी मिलते ही केंद्रीय मंत्री ने सीएमओ से पूछताछ की, उन्होंने विधायक को कार्यक्रम की सूचना नहीं देने पर गहरी नाराजगी जताते हुए सीएमओ अमरेश सिंह जमकर फटकार लगाई। दो साल पहले सांसद मद से 25 लाख रूपए स्वीकृत होने के बाद भी शेड का निर्माण शुरू नहीं होने पर भी उन्होंने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को फटकारा और कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

■ तखतपुर नगर पालिका का मामला
■ सीएमओ को दी कार्रवाई की चेतावनी

### विश्व में बज रहा भारत का डंका : साहू

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री तोखन साहू ने कहा कि आज पूरे भारत देश की डंका विश्व में बज रहा है। किसी भी आंतकवादी की इतनी हिम्मत अब नही है कि वह भारत की तरफ आंख उठाकर देखे, पाकिस्तान को उसके घर में ही सबक सिखाने का काम आपरेशन सिंदूर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। देश की जनता जिस उम्मीद के साथ उनके हाथों में बागडोर सौंपी। सभी आश्वस्त हैं कि भारत एक सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन एवं केंद्र शासन की सभी जनकल्याणकारी एवं हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसी उद्देश्य को लेकर यह आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि नगर विकास और ग्राम विकास को लेकर केंद्र की सरकार की ओर फंड में किसी तरह की कमी नही की जा रही है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने नगर विकास के लिए सड़क, नाली निर्माण, बिजली तथा अन्य बुनियादी आवश्यकताओं को लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू से मांग की, इस पर उन्होंने आवश्वासन दिया कि शीघ्र ही इसे स्वीकृति दिलाई जाएगी। कार्यक्रम का संचालन दिलीप तोलानी एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री प्रमोद ठाकुर ने किया। इस अवसर पर संतोष कश्यप, अजय देवांगन, शिप्रा सामुएल, वंदना सिंह, कोमल सिंह ठाकुर, गिरीश कश्यप, कैलाश देवांगन, मालती यादव, श्यामा रामानंदी, विश्वनाथ यादव, लव पाण्डेय, सुरेश देवांगन, इस्लाम अंसारी, संदीप साहू, राहुल तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

सिग्नल ओवरशूट का मामला : जांच के बाद हो सकती है कार्रवाई

## जनशताब्दी का चालक व परिचालक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


डिवीजन स्तर पर तय हड़कंप
सूरज की रौशनी में हुई जनशताब्दी सिग्नल ओवरशूट, जांच कमेटी गठित

हरिभूमि में 20 जून को प्रकाशित खबर।

सिग्नल ओवरशूट मामले में रेल अफसरों ने डाउन जनशताब्दी एक्सप्रेस के चालक और परिचालक को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। इसकी जांच और पूछताछ करने के बाद दोनों के खिलाफ रिमूवल आफ सर्विस की भी कार्रवाई की जा सकती है।

गौरतलब है कि एक दिन पहले गुरुवार 18 जून को गोंदिया से रायपुर, बिलासपुर होकर रायगढ़ आने वाली 12070 डाउन जनशताब्दी एक्सप्रेस की राजनांदगांव से छूटने और दुर्ग स्टेशन पहुंचने से पहले रसमड़ा स्टेशन के पास सिग्नल ओवरशूट की घटना हो गई थी। इस ट्रेन को दुर्ग के चालक एके तिवारी, सहायक परिचालक आशीष तिवारी चला रहे थे, वहीं ट्रेन मैनेजर गोंदिया के बहादुर सिंह की ड्यूटी भी ट्रेन में लगी हुई थी। रसमड़ा के पास सिग्नल ओवरशूट की घटना के संबंध में जानकारी मिलते ही रेल अफसर तत्काल मौके पर पहुंचे और पूछताछ की। पूछताछ में जानकारी मिली कि मीडिल लाइन के बजाय उन्होंने दूसरे सेक्शन का सिग्नल देखकर ट्रेन को आगे बढ़ा दिया था।

वहीं लाइन घुमावदार और मोड़ होने के कारण उन्हें सिग्नल भी समझ नहीं आया, जिसकी वजह से सिग्नल नहीं होने के बावजूद गाड़ी आगे बढ़ गई थी। पूछताछ करने के बाद चालक और परिचालक को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर जांच शुरु कर दी गई है। इस जांच के बाद दोनों के खिलाफ रिमूवल आफ सर्विस की भी कार्रवाई करने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

इस संबंध में एसईसीआर जोन के सीपीआरओ सुस्कर विपुल विलास राव ने बताया कि ओवरशूट के मामले में तत्काल चालक और परिचालक के खिलाफ सस्पेंशन की कार्रवाई पहले होती है। इसकी जांच के बाद अगर पुष्टि होती है तो उन्हें रिमूवल आफ सर्विस भी किया जा सकता है।

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलौदा रोड, अकलतरा, (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444


LCIT COLLEGE OF COMMERCE & SCIENCE
LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
Near High Court, Raipur Road, Bodri, Bilaspur (C.G.)
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Vishwavidyalaya, Bilaspur (C.G.)
THINK EDUCATION THINK LCIT
AFFILIATED TO & APPROVED BY
AICTE
MEMBER OF
Virtual Labs
An MoE Govt of India Initiative
FREE ONLINE EDUCATION
swayam
Best College in the Region
LCIT Group of Institutions
Scan For A Brighter Future
APPLY @
COLLEGE CODE 240
ADMISSIONS OPEN 2026-27
COURSES OFFERED
SCIENCE
BCA(Hons.)
AICTE Approved
B.Sc.(Hons.)
• Biology
• Microbiology
• Biotechnology
• Mathematics
• Computer Science
M.Sc.
• Zoology
• Chemistry
• Biotechnology
• Computer Science
PGDCA
98278-75752
COMMERCE
B.Com(Hons.)
BBA(Hons.)
AICTE Approved
M.Com
with Marketing & Management
75666-66785
ARTS
B.A.(Hons.)
• History
• Sociology
• Geography
• Economics
• Political Science
• English Literature
M.A.
• Geography
91097-30890
LAW
B.A. LL.B.
B.B.A. LL.B.
B.Com. LL.B.
LL.B.
LL.M.
97558-19835
PLACEMENT HIGHLIGHTS
TOTAL PLACEMENT 500+
RECRUITING COMPANIES 50+
HIGHEST PACKAGE 12.50 LPA
AVERAGE PACKAGE 4.55 LPA
TOP RECRUITERS
tcs TATA CONSULTANCY SERVICES
YOKOHAMA
Datun Jangal se
HDFC BANK
adani Cement
& Many More
UNIVERSITY - GOLD MEDALIST
YASHRAJ
M.Sc. CS
SHUBHANGI SINGH THAKUR
M.Com
SHREYANSHI JAIN
BBA
KASHISH MATLANI
B.Com
CHANDRA PRAKASH CHOUBEY
B.Com. LL.B.
30+ BRILLIANT MINDS FROM OUR COLLEGE HAVE SECURED RANKS IN THE UNIVERSITY MERIT LIST!
CAMPUS LIFE
RASS GARBA
MH 43 INDIA BAND
EXCURSION TRIPS
EDUCATIONAL VISIT
TRANSPORT FACILITY
COMPUTER LABS
EXPERT FACULTY
PLACEMENT ASSISTANCE
HOSTEL: BOYS & GIRLS

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, रविवार 21 जून 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# बांसगीत परंपरा को जीवित रखा है पंजूराम ने

**यदुवंशी यादव समाज की सबसे गौरवशाली परंपरा लोक संगीत विधाओं में से एक बांसगीत है। इसे चकरभाठा के पास स्थित अचानपुर के यदुवंशी पंजू राम यादव इस लोकगीत परंपरा को अब भी जीवित रखा है। यह बांस संगीत विद्या उनके जीविका का साधन बन गया है।**

### बनाया जीविका का साधन नई पीढ़ी नहीं ले रही रूचि

टेकचंद कारड़ा ⏭ तखतपुर

एक समय में यह लोक विद्या हुंकार भरने, कथा को आगे बढ़ाने एवं दर्शकों के उत्साह बढ़ाने वाला रहा पर यह अब धीरे धीरे लुप्त होते जा रहा है। छत्तीसगढ़ की एक लोक परंपरा बांसगीत भी है। बांसगीत मुख्य रूप से यदुवंशी यादव समाज द्वारा गाया जाता है। यादव समाज के लोग पीढ़ी दर पीढ़ी इस संगीत परंपरा को आगे बढ़ाते आए हैं। वर्तमान में इस बांस संगीत को लोग न भूले और यदुवंशियों की परंपरा से सभी लोग अवगत रहे, इसके लिए अचानपुर के यदुवंशी पंजू राम यादव इस लोकगीत की परंपरा को जीवित रखा है। उनकी परिवार की गाड़ी भी इस लोक विद्या से ही चलती है। पंजू राम यादव बताते हैं कि वह पिछले 10 वर्ष की उम्र से ही यह विद्या अपने पिता जुठेलराम यादव से सीखी थी। उनके पिता अपने पूर्वजों से प्राप्त की थी। पीढ़ी दर पीढ़ी यह विद्या हमारे जीवन में चली आ रही है पहले इस लोकगीत को लगभग 4 फीट के खोखले बांस को बांसुरी की तरह बजाया जाता है। कृष्ण के दोहे, नाराज पति-पत्नी की बीच की बात, रूढ़ीवादी विचार और समाज के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए बांसगीत से ऊर्जा पैदा की जाती है। छत्तीसगढ़ में यह परंपरा वर्षो से चली आ रही है।

### गाता है घूम-घूम कर

इस लोकगीत को पंजू यादव बचाने और सबको बताने के लिए गांव-गांव और शहर-शहर घू कर गाता है और यहीं अब उनके आय का साधन बन गया है। बेटा अश्वन यादव और बेटी घुरूवा यादव इस लोक संगीत में रूचि नहीं रखते है क्योंकि इससे अब परिवार का गुजारा नहीं हो सकता है। पत्नी अहिमन यादव इस लोक संगीत में हमेशा साथ देती है। पहले वह कार्यक्रम में साथ में जाया करती थी। अब तक वह आकाशवाणी रायपुर, अरपा स्टुडियों, बिलासा गुड़ी सहित अन्य जगहों पर कार्यक्रम दे चुका है। इसके अलावा किसी भी कार्यक्रम में आमंत्रण पर वह इस गीत को प्रस्तुत करता है। आयोजकों द्वारा जो भी दिया जाता है उससे वह संतुष्ट रहता है।

**समारोह**

## विधायक के हाथों प्रतिभावान बच्चों का सम्मान





**बिलासपुर।** श्री चंद्रपुरिहा कसौंधन वैश्य समाज बिलासपुर का वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभावान सम्मान समारोह नगर विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य व महापौर पूजा विधानी की विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुआ। प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सप्तगढ़ संरक्षक द्वय मोहन लाल गुप्ता, रमाकांत गुप्ता (बलौदा), अध्यक्ष सतीश गुप्ता (घुटकू), प्रदेश संगठन के पूर्व महासंरक्षक बसंत गुप्ता, सप्तगढ़ महिला संगठन संरक्षक विमलेश गुप्ता अध्यक्षा, पद्मनी गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, अशोक गुप्ता अधिवक्ता, अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता व महिला विंग अध्यक्ष कल्पना गुप्ता मंचस्थ थे। प्रतिवेदन वाचन करते हुए अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने समाज के प्रतिवर्ष की गतिविधियों का उल्लेख करते हुए समाज की सुव्यवस्थित संचालन एवं विकास हेतु भवन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और इस हेतु नगर विधायक से शासन स्तर पर भूमि उपलब्ध कराने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल ने नगर निगम क्षेत्र बिलासपुर के अंतर्गत निर्मित सामुदायिक भवन को अधिकृत करने की घोषणा की।

**कार्यक्रम**

## अग्रवाल महिला सम्मेलन गठित आशा बनीं प्रदेश अध्यक्ष



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन छत्तीसगढ बिलासपुर द्वारा विद्या नगर स्थित अग्रवाल भवन में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें महिला सम्मेलन के बिलासपुर जिला इकाई का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन के पूजन एवं वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात सभी अतिथियों एवं सदस्यों का फूल-मालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया गया। प्रदेश अध्यक्ष आशा रामअवतार, महामंत्री ज्योति सुलतानिया बिलासपुर, सरिता अग्रवाल रायपुर, कोषाध्यक्ष उषा अग्रवाल, सह सचिव अनिता अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, जिलाध्यक्ष पूनम अग्रवाल, जिला सचिव अलका मुरारका, कोषाध्यक्ष सीमा अग्रवाल को चुना गया। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी की उषा सुलतानिया, गायत्री खेडिया, सुनिता अग्रवाल, चन्द्रकला अग्रवाल, सुनिता प्रवीण अग्रवाल, सीमा गर्ग, राधा मित्तल, शारदा बिदल, संगीता सरिता निर्मला अग्रवाल की उपस्थिति रही। अंत में सभी बहनों ने राधा रानी के भजनों का संकीर्तन किया।

**आयोजन**

## दस्तार एवं दुमाला सजाओ प्रतियोगिता 28 जून को


**बिलासपुर।** अकाल पुरख की फौज द्वारा 28 जून को गुरुद्वारा दयालबंद में दस्तार एवं दुमाला सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में लड़के एवं लड़कियां दोनों भाग ले





सकेंगे।प्रतियोगिता को दो आयु वर्गों में विभाजित किया गया है। पहला वर्ग 6 से 14 वर्ष तथा दूसरा वर्ग 14 से 25 वर्ष आयु के प्रतिभागियों के लिए होगा। दोनों वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।आयोजकों ने बताया कि सिख धर्म में पगड़ी केवल एक परिधान नहीं, बल्कि सम्मान, स्वाभिमान और पहचान का प्रतीक है। सुंदर ढंग से सजी दस्तार सिखों की आन, बान और शान को दर्शाती है। गुरुओं द्वारा दी गई इस महान विरासत को संजोने और नई पीढ़ी को इससे जोड़ने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।अकाल पुरख की फौज ने समाज के सभी लोगों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की है, ताकि पगड़ी की उस गौरवशाली परंपरा का मान-सम्मान और बढ़ाया जा सके, जो सिख गुरुओं की अमूल्य देन है।इसके साथ ही संस्था ने समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान करने का भी निर्णय लिया है। वर्ष 2026 की 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

# संगीत बना परिवार की पहचान, चौथी पीढ़ी अमेरिका तक बिखेर रही सुरों का जादू





### संगीत की विरासत का संवाहक राजपूत परिवार

तारणी शुक्ला ⏭ बिलासपुर

**अरविंद नगर, सरकंडा निवासी शीतल सिंह राजपूत का परिवार उन विरले परिवारों में शामिल है, जहां संगीत केवल एक कला नहीं, बल्कि पीढ़ी-दर-पीढ़ी संजोई गई सांस्कृतिक विरासत है। इस परिवार की चार पीढ़ियां गायन और वादन की साधना से जुड़ी रही हैं। भजन, गजल, प्रज्ञा गीत और विभिन्न वाद्य यंत्रों में दक्ष यह परिवार संगीत जगत में अपनी अलग पहचान बना चुका है। परिवार की चौथी पीढ़ी का एक युवा आज अमेरिका में रहकर भी भारतीय संगीत की मधुर स्वर-लहरियां बिखेर रहा है।**

### पिता से मिली संगीत साधना की प्रेरणा

हारमोनियम, तबला, ढोलक और गायन में निपुण शीतल सिंह राजपूत बताते हैं कि उनके पिता जनक सिंह राजपूत, मुंगेली के चारभाटा गांव में रहते थे। संगीत उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा था। उस दौर में भी उन्होंने घर में अनेक वाद्य यंत्र सहेज कर रखे थे। समय मिलते ही वे अपने भाइयों और परिजनों के साथ संगीत साधना में रम जाते थे। गांव में आयोजित रामायण, जसगीत और रामधुनी जैसे धार्मिक आयोजनों में उनकी टीम की विशेष पहचान थी।घर का वातावरण हमेशा सुरों और तालों से सराबोर रहता था। पिता की इसी साधना और लगन का गहरा प्रभाव शीतल सिंह पर पड़ा और धीरे-धीरे उन्होंने भी संगीत को अपने जीवन का हिस्सा बना लिया।

### शांतिकुंज से देशभर तक बिखेरे सुरों के रंग

पिता की विरासत को आगे बढ़ाते हुए शीतल सिंह राजपूत ने संगीत के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। बच्चों के बड़े होने के बाद वे बिलासपुर आ गए, लेकिन संगीत से उनका जुड़ाव कभी कम नहीं हुआ। उन्होंने घर में हारमोनियम सहित अन्य वाद्य यंत्रों को हमेशा सहेज कर रखा और जहां भी अवसर मिला, अपनी प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध किया।

संगीत के प्रति उनकी निष्ठा का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ उन्होंने शांतिकुंज, हरिद्वार में गायत्री परिवार के प्रचार-प्रसार के लिए समयदानी के रूप में छह-छह माह तक सेवाएं दीं। इस दौरान उन्हें छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, गुजरात, ओडिशा और हरियाणा सहित कई राज्यों में प्रज्ञा गीतों की प्रस्तुति का अवसर मिला। उनके मधुर और भावपूर्ण गायन ने जहां भी प्रस्तुति दी, श्रोताओं का भरपूर स्नेह और सराहना प्राप्त की।

### नई पीढ़ी को निःशुल्क दिया संगीत का प्रशिक्षण

शीतल सिंह की इच्छा थी कि परिवार की यह सांगीतिक परंपरा आगे भी जीवित रहे। इसी उद्देश्य से उन्होंने अपने दोनों पुत्रों लखन और कृष्णा को संगीत की शिक्षा दी। साथ ही संगीत में रुचि रखने वाले अनेक युवाओं को भी निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया।आज उनके बड़े पुत्र लखन सिंह राजपूत संगीत में एमए, तबला विशारद तथा भजन, ठुमरी और गजल गायन में दक्ष हैं। वे कर्मकांड के क्षेत्र में भी पारंगत हैं। वहीं छोटे पुत्र कृष्णा राजपूत गौकथा, रामायण और सुंदरकांड के पाठ में विशेष निपुणता रखते हैं। लखन सिंह समय-समय पर गायत्री प्रज्ञापीठ, सरकंडा तथा सतबहनिया मंदिर, बंधवापारा में आयोजित सांगीतिक कार्यक्रमों का नेतृत्व भी करते हैं।

### चौथी पीढ़ी भी संभाल रही विरासत

राजपूत परिवार की चौथी पीढ़ी भी संगीत की इस विरासत को पूरे समर्पण के साथ आगे बढ़ा रही है। लखन सिंह के बड़े पुत्र अखिल सिंह राजपूत अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं, लेकिन व्यस्त पेशेवर जीवन के बावजूद भक्ति और फिल्मी गीतों के गायन में सक्रिय हैं। वहीं छोटे पुत्र अमिष सिंह, कृष्णा राजपूत के पुत्र खुशहाल सिंह तथा भांजे आयुष प्रताप सिंह भी संगीत की विधाओं में रुचि रखते हैं और नियमित अभ्यास करते हैं।परिवार के बुजुर्गों का मानना है कि संगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कारों और संस्कृति को जीवित रखने का सशक्त माध्यम है। यही कारण है कि नई पीढ़ी पढ़ाई और करियर के साथ-साथ संगीत साधना को भी समान महत्व दे रही है, ताकि सुरों की यह विरासत आने वाली पीढ़ियों तक यूं ही गूंजती रहे।

# सामूहिक योग आज, 2 हजार लोगों की रहेगी सहभागिता

### खेल परिसर में होगा आयोजन




बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रातः 6:45 बजे से 7:45 बजे तक स्व. बी.आर. यादव स्मृति राज्य प्रशिक्षण खेल परिसर बहतराई में जिला प्रशासन द्वारा भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें लगभग 2 हजार लोग योगाभ्यास करेंगे।

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। योग कार्यक्रम के बाद उपस्थित लोगों को नशामुक्ति का शपथ भी दिलाई जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा इस विशाल आयोजन की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक बिलासपुर अमर अग्रवाल, विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक, विधायक तखतपुर धर्मजीत सिंह, विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला, विधायक कोटा अटल श्रीवास्तव, विधायक मस्तूरी दिलीप लहरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, महापौर पूजा विधानी, क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष रजनीश सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहेंगे।

### अपनाएं स्वस्थ जीवनशैली

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिलेवासियों से बड़ी संख्या में योग कार्यक्रम में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य जीवन पद्धति है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करती है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ, ऊर्जावान और तनावमुक्त जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन का आधार है। उन्होंने नागरिकों से अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस स्वस्थ समाज के निर्माण का सामूहिक अभियान है। योग को जीवन का हिस्सा बनाकर हम न केवल स्वयं को स्वस्थ रख सकते हैं, बल्कि परिवार और समाज को भी निरोग एवं सशक्त बना सकते हैं। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से परिवार सहित कार्यक्रम में सहभागिता कर योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया है।



एसईसीएल में योग महोत्सव

# महिलाओं ने योगासन का किया अभ्यास

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एसईसीएल योग महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को महिलाओं के लिए एक विशेष योग सत्र का आयोजन वसंत क्लब में किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न योग आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन तथा उपाध्यक्ष श्रीमती इप्सिता दास, श्रीमती हसीना कुमार, श्रीमती विनीता जैन एवं श्रीमती शुभश्री महापात्र सहित श्रद्धा महिला मंडल की सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग सत्र का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक अंशुल सैनी ने किया। उनके



मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान प्रक्रियाओं का अभ्यास किया तथा योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उपायों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए एसईसीएल द्वारा योग महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता एवं सहभागिता आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है एवं वसंत क्लब में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें कॉमन योगा प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास किया जाएगा।

**स्पोर्टर्स न्यूज**

# रोमांचक मुकाबले में नागपुर इलेवन ने जीता मैच

■ बिलासपुर आफिसर्स को हराकर जीता मुकाबला

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा आयोजित इंटर डिवीजनल ऑफिसर्स स्पोर्ट्स मीट के अंतर्गत नागपुर एवं बिलासपुर मंडल के अधिकारियों के बीच एक रोमांचक टी-20 क्रिकेट मुकाबला नागपुर के प्रतिष्ठित विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन सिविल लाइंस स्टेडियम में खेला गया।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक नागपुर मंडल दीपक कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर ऑफिसर्स इलेवन ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 126 रन बनाए। टीम की ओर से अरविंद ने 27 रन बनाकर सर्वाधिक योगदान दिया, जबकि समीर माथुर ने 17 रन, हरीश ने 13 रन, एवं अतुल ने 11 रन बनाया। नागपुर ऑफिसर्स इलेवन की ओर से गेंदबाजी में अमित कुमार ने




शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 विकेट प्राप्त किए। वहीं लोकेश शर्मा, आयुष खरे, दिलीप सिंह, दीपक कुमार एवं तन्मय मुखोपाध्याय ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नागपुर ऑफिसर्स इलेवन ने 16.5 ओवरों में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर मुकाबले को 4 विकेट से अपने नाम कर लिया। नागपुर की ओर से दिलीप सिंह ने 37 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। बिलासपुर की ओर से राहुल गर्ग ने 2 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए दिलीप सिंह वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं वरिष्ठ खेल अधिकारी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं लोकेश शर्मा को बेस्ट बैटर तथा राहुल गर्ग बिलासपुर को बेस्ट बॉलर पुरस्कार प्रदान किया गया।

# मौसाजी जायंट्स व फाउंडेशन वारियर्स का फाइनल आज

बेसबॉल प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में मौसाजी जायंट्स और फाउंडेशन वॉरियर्स की टीमें चैंपियन बनने के लिए आमने-सामने होंगी। शनिवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में मौसाजी जायंट्स ने मां कामाख्या चैलेंजर्स को 6-5 के रोमांचक अंतर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अभय नारायण प्रदेश प्रवक्ता, छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी, महेश दुबे टाटा महाराज वरिष्ठ कांग्रेस नेता, जावेद मेमन युवा कांग्रेस नेता एवं भुट्टो संचालक स्व. असगर अली क्रिकेट प्रतियोगिता थे। अंतिम इनिंग में मिले अवसर का लाभ उठाते हुए फाउंडेशन वॉरियर्स ने 1-0 से जीत दर्ज कर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। इस दौरान मुख्य अतिथि सुश्री मिताली घोष महासचिव छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ, रंगानादम युवा पार्षद एवं अध्यक्ष जोन क्रमांक-5 तथा पंकज तिवारी अध्यक्ष जिला ओलंपिक संघ रहे। आयोजन सचिव अख्तर





खान ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतिम दिन 21 जून को पहला मुकाबला माँ कामाख्या चैलेंजर्स एवं लक्ष्मी स्पोर्ट्स फाइटर्स के बीच तीसरे स्थान के लिए खेला जाएगा। इसके पश्चात ग्रैंड फाइनल में मौसाजी जायंट्स और फाउंडेशन वॉरियर्स की टीमें खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, विशिष्ट अतिथि प्रिंस भाटिया, डॉ.पलक जायसवाल, निखिल खंडेलवाल, सुश्री मिताली घोष, डॉ.गोपालकृष्ण पाठक मौजूद रहेंगे।

# Best Education Centre in Bilaspur ADMISSION OPEN

21 जून विश्व योग दिवस

करें योग रहें निरोग

## लिटिल फ्लावर हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को मिल रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा




बिलासपुर। शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान लिटिल फ्लावर हायर सेकेंडरी स्कूल, ओम नगर जरहाभाठा, बिलासपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु नर्सरी से कक्षा 12वीं तक प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विद्यालय में अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम में शिक्षा उपलब्ध है तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है।विद्यालय के डायरेक्टर मुदस्सिर अहमद ने बताया कि संस्था वर्ष 1991 से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कर रही है। विद्यालय में अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण दिया जाता है।कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए मैथ्स, बायोलॉजी, कॉमर्स एवं आट्र्स संकाय की सुविधा उपलब्ध है। विद्यालय में आधुनिक शिक्षण व्यवस्था, नियमित मूल्यांकन, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार किया जाता है।अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से समय रहते प्रवेश लेकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

## अक्षय गुरुकुल विद्यालय में कला संकाय एवं नर्सरी से 12वीं तक प्रवेश प्रारंभ

शहर के हृदय स्थल L-10, विनोबा नगर स्थित अक्षय गुरुकुल इंग्लिश मीडियम उ.मा. शाला में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से विज्ञान एवं वाणिज्य के साथ कला संकाय भी प्रारंभ किया जा रहा है। विद्यालय में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। दसवीं उत्तीर्ण सी.जी. और सी.बी.एस.ई. बोर्ड के छात्र-छात्राएं कला संकाय में प्रवेश ले सकेंगे। विद्यालय ने गरीब बच्चों के लिए विशेष प्रावधान किया है। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती श्वेता सिंह ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को शासन द्वारा निर्धारित शुल्क पर ही प्रवेश दिया जाएगा। 26 साल का गौरवशाली इतिहास 26 वर्षों से संचालित इस विद्यालय के छात्र समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना चुके हैं। संचालक एवं रसायन विज्ञान के विषय विशेषज्ञ डी.पी. नवगवाल को 40 वर्षों का शैक्षणिक अनुभव है। उनके मार्गदर्शन में कक्षा 9वीं से ही छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। 100% बोर्ड परिणाम विद्यालय का बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहता है। प्रतिवर्ष यहां के छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करते हैं।छात्रावास एवं कोचिंग सुविधा वर्तमान में कक्षा 8वीं से छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास की व्यवस्था कैंटीन सहित उपलब्ध है। साथ ही विद्यालय परिसर में शाम को कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए NEET एवं JEE की अतिरिक्त कोचिंग अनुभवी शिक्षकों द्वारा संचालित की जाती है।




## महामाया आई.टी.आई. ग्रुप में 10वीं-12वीं पास युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**बिलासपुर** । क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से महामाया प्राइवेट आई.टी.आई. ग्रुप, बिलासपुर में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। यह संस्थान बिलासपुर संभाग का पहला ISO 29990:2010 प्रमाणित निजी आई.टी.आई. संस्थान है, जो गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

**मुख्य विशेषताएं :**
योग्यता : 10वीं / 12वीं पास छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं।
उपलब्ध ट्रेडः इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वेल्डर, कोपा, ड्राफ्ट्समैन सिविल एवं मैकेनिक डीजल सहित कुल 6 ट्रेड में प्रवेश उपलब्ध।




**स्थान** : खमतराई रोड बिलासपुर एवं बस स्टैंड, रतनपुर (रामकुंड के पास) के पास स्थित है। संस्थान के निदेशक श्री शत्रुघ्न साहू एवं श्रीमती संतोषी साहू ने बताया कि 'हमारा उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को कौशल विकास के साथ रोजगार के लिए तैयार करना है। कैंपस में आधुनिक वर्कशॉप, अनुभवी प्रशिक्षक एवं 100% प्लेसमेंट सहायता उपलब्ध है।'छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा के छात्रों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध हैं। इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश हेतु संस्थान कार्यालय में सीधे संपर्क कर सकते हैं।

## श्री जगन्नाथ म्यूजिक बिलासपुर में संगीत प्रेमियों की पहली पसंद

बिलासपुर। शहर के प्रतिष्ठित संगीत वाद्य यंत्र स्टोर श्री जगन्नाथ म्यूजिक संस्था द्वारा संगीत प्रेमियों, कलाकारों एवं संस्थानों को एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार के संगीत वाद्य यंत्र एवं साउंड सिस्टम उपलब्ध कराए जा रहे हैं। संस्था के संचालक नितिन बेरिवाल ने बताया कि यहां हारमोनियम, तबला, ढोलक, ड्रम सेट, गिटार, वायलिन, कैसियो, यामाहा ऑर्गन, बैंड बाजा, ताशा, डफली, खंजरी सहित अनेक पारंपरिक एवं आधुनिक वाद्य यंत्र उचित दरों पर उपलब्ध हैं।उन्होंने बताया कि दुकान में माइक्रोफोन, एम्पलीफायर, बॉक्स, ऑडियो स्पीकर, डीजे सिस्टम, ट्रॉली स्पीकर एवं होम थिएटर की बिक्री के साथ-साथ मरम्मत एवं सर्विस की सुविधा भी प्रदान की जाती है। संगीत के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए संगीत प्रशिक्षण सेवा भी उपलब्ध है।




शहर के राजीव प्लाजा स्थित यह प्रतिष्ठान गुणवत्ता, उचित मूल्य एवं बेहतर ग्राहक सेवा के कारण संगीत जगत में अपनी विशेष पहचान बना चुका है। संगीत प्रेमियों एवं कलाकारों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप उत्पाद एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराना संस्था की प्राथमिकता है।

## पुष्कर कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेश प्रारंभ

बिलासपुर। तिफरा स्थित पुष्कर कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधन ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नर्सरी से कक्षा 12वीं तक प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय में हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। उच्च कक्षाओं में विद्यार्थियों के लिए मैथ्स, बायोलॉजी, कॉमर्स एवं आट्र्स संकाय की सुविधा भी उपलब्ध है।विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण के लिए अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षकों की टीम कार्यरत है। प्रबंधन ने बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु 21 जून योग दिवस के अवसर पर योग के महत्व को बच्चों को बताया कि योग एक प्राचीन भारतीय विज्ञान है, जो शरीर, मन और आत्मा को जोड़ता है, यह ध्यान और एकाग्रता को बढ़ाने में मदद करता है। प्राणायाम करने से फेफड़े मजबूत होते हैं और श्वसन प्रणाली ठीक रहती है।




योग से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और शरीर में स्फूर्ति आता है। योग आत्मनियंत्रण और अनुशासन सिखाता है। जीवन में संतुलन और शांति लाने के लिए योग अत्यंत आवश्यक है।

## गुरुकृपा एजुकेशन द्वारा मेडिकल एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश एवं मार्गदर्शन प्रारंभ





बिलासपुर। शहर के नेहरू चौक स्थित गुरुकृपा एजुकेशन द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए मेडिकल एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश एवं मार्गदर्शन अभियान प्रारंभ किया गया है। संस्था के माध्यम से विद्यार्थियों को बी. फार्मा, डी. फार्मा, बी.एससी. नर्सिंग, बीएमएलटी, डीएमएलटी, बीएक्सआरटी तथा ऑपरेशन थिएटर (ओटी) जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों में प्रवेश संबंधी संपूर्ण जानकारी एवं परामर्श प्रदान किया जा रहा है। संस्था के डायरेक्टर डॉ. अजय त्रिपाठी ने बताया कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र में प्रशिक्षित मानव संसाधन की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में मेडिकल एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रम युवाओं के लिए बेहतर करियर विकल्प साबित हो रहे हैं। गुरुकृपा एजुकेशन द्वारा विद्यार्थियों को उनकी योग्यता एवं रुचि के अनुरूप पाठ्यक्रम चयन, कॉलेज प्रवेश प्रक्रिया तथा करियर मार्गदर्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। संस्था के डायरेक्टर ने बताया कि सीमित सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया जारी है तथा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से समय रहते संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करने की अपील की गई है। गुरुकृपा एजुकेशन का कार्यालय नेहरू चौक, बिलासपुर में संचालित है, जहां इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश संबंधी परामर्श प्राप्त कर, प्रवेश ले सकते हैं।

## विश्व योग दिवस पर नवीन नागदौने व्लॉग्स का स्वास्थ्य संदेश

21 जून 2026 को मनाए जाने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर यूट्यूब चैनल 'नवीन नागदौने व्लॉग्स' ने एक प्रेरणादायक संदेश जारी किया है। चैनल के माध्यम से लोगों को योग अपनाकर स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। Yoga is the journey of the self, through the self, to the self यानी योग स्वयं के द्वारा स्वयं तक पहुंचने की यात्रा है। योगः तन, मन, आत्मा और जीवन के लिए 'नवीन नागदौने व्लॉग्स' ने योग के चार मुख्य लाभों को दर्शाया हैः

Yoga for Body : शरीर को स्वस्थ और लचीला बनाता है।
Yoga for Mind : मानसिक तनाव कम कर एकाग्रता बढ़ाता है ।
Yoga for Soul : आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा देता है।
Yoga for Life : जीवनशैली को अनुशासित और संतुलित बनाता है युवाओं को जोड़ने की पहल यूट्यूब के जरिए नवीन नागदौने व्लॉग्स लगातार युवाओं को भारतीय संस्कृति और स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ने का काम कर रहे हैं।




## श्री बालाजी ग्लोबल पब्लिक स्कूल्स में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रारंभ




शिक्षा के क्षेत्र में 'Back to Roots' की सोच के साथ अग्रणी श्री बालाजी ग्लोबल पब्लिक स्कूल्स, उसलापुर ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। नर्सरी से कक्षा 8 तक के बच्चों के लिए प्रवेश खुले हैं। संस्थान का उद्देश्य 'Excellence in Education, Values for Life, Success for Tomorrow' के मंत्र पर बच्चों का समग्र विकास करना है।

स्कूल की मुख्य विशेषताएं -
होलिस्टिक एजुकेशन : पढ़ाई के साथ नैतिक मूल्यों और संस्कारों पर विशेष जोर।
अनुभवी शिक्षक : केयरिंग और अनुभवी शिक्षकों द्वारा सुरक्षित वातावरण में शिक्षण।
ऑल राउंड डेवलपमेंट : पढ़ाई के साथ खेल, कला और अन्य गतिविधियों पर फोकस।
रेगुलर असेसमेंट : नियमित टेस्ट और परफॉर्मेंस रिपोर्ट से अभिभावकों को अपडेट रखा जाएगा ।

**श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल** डेवलपमेंट युवाओं को रोजगारपरक बनाने के लिए CCVTE अधिकृत ट्रेनिंग पार्टनर के रूप में यह संस्थान कई कोर्स चला रहा हैः

**NTT/ECCE** -
नर्सरी टीचर ट्रेनिंग, अर्ली चाइल्ड हुड केयर
**DCA/PGDCA** -
कंप्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा
**फैशन डिजाइनिंग** -
इंडस्ट्री ओरिएंटेड प्रैक्टिकल ट्रेनिंग
**ब्यूटी एंड वेलनेस** -
स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम
**पर्सनैलिटी डेवलपमेंट** -
स्पोकन इंग्लिश के साथ

सभी कोर्स में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के साथ प्लेसमेंट असिस्टेंस भी दी जाएगी।

**संपर्क जानकारी** : स्कूल व संस्थान रेलवे स्टेशन रोड, फ्लाईओवर के पास, उसलापुर, बिलासपुर में स्थित है। प्रवेश व अधिक जानकारी के लिए अभिभावक संपर्क कर सकते हैं।



## खबर संक्षेप

### जिला देशहा यादव समाज का शपथ ग्रहण आज

**बिलासपुर।** जिला देशहा यादव समाज द्वारा नवगठित जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 21 जून रविवार की दोपहर 2 बजे सिम्स ऑडिटोरियम, सिम्स हॉस्पिटल परिसर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद तोखन साहू और अध्यक्षता शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव करेंगे। समारोह में विधायक बिलासपुर अमर अग्रवाल, विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक, विधायक तखतपुर धर्मजीत सिंह, विधायक भिलाई देवेन्द्र यादव, विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला, विधायक चंद्रपुर रामकुमार यादव, विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव, विधायक कोटा अटल श्रीवास्तव, विधायक मस्तूरी दिलीप लहरिया, महापौर बिलासपुर श्रीमती पूजा विधानी तथा पूर्व महापौर रामशरण यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाजजन उपस्थित रहेंगे। जिला देशहा यादव समाज बिलासपुर की नवगठित कार्यकारिणी के जिलाध्यक्ष टीकाराम यादव, महासचिव विजय कुमार यादव एवं कोषाध्यक्ष रामलाल यादव शपथ ग्रहण करेंगे तथा समाज हित में कार्य करने का संकल्प लेंगे। कार्यक्रम के पूर्व दोपहर 12 बजे से सांस्कृतिक प्रस्तुति हिलेंद्र ठाकुर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

### ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन 24 को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग का 24 जून को प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं के साथ जिले में के 486 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। इन ग्राम सभाओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास योजनाओं को धरातल पर मजबूत करना और आम जनता की भागीदारी को बढ़ाना है। इन सभाओं में मुख्य रूप से आवास प्लस 2.0 की स्थायी प्रतीक्षा सूची को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। दावे और आपत्तियों का निराकरण पात्र हितग्राहियों की प्राथमिकता सूची तैयार की जाएगी। इसके साथ ही, सूची को लेकर प्राप्त होने वाले दावों और आपत्तियों का नियमानुसार निराकरण भी किया जाएगा ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। ग्रामीण विकास एवं जनभागीदारी सभाओं के दौरान विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी और ग्रामीणों की सक्रिय जनभागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत जिला बिलासपुर में आवास प्लस 2.0 के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के 228336 लोगो का सर्वे का कार्य किया गया है जिसके अन्तर्गत जनपद बिल्हा में 61894, जनपद कोटा में 42955, जनपद मस्तूरी में 74164, जनपद तखतपुर में 49323 है।

### तेल और गैस क्षेत्र में उपभोक्ताओं को जागरूक करेगी समर्पित संस्था

**बिलासपुर।** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैसे विनियामक बोर्ड भारत सरकार ने समर्पित गरीबी उन्मूलन एवं सामाजिक अनुसंधान केन्द्र बिलासपुर को तेल एवं गैस क्षेत्र में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम संचालन हेतु पैनलबद्ध किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य तेल एवं गैस क्षेत्र के उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों, सुरक्षा मानकों, शिकायत निवरण तंत्र तथा उपलब्ध सेवाओं के संबंध में जागरूक बनाना है, ताकि वे अपने हितों की रक्षा करते हुए सूचित एवं सशक्त उपभोक्ता के रूप में अपनी भूमिका निभा सकें। संस्था के अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा ने बताया कि पीएनजीआरबी का प्रमुख उद्देश्य तेल एवं गैस क्षेत्र के उपभोक्ताओं को जागरूक, आत्मविश्वासी तथा सक्रिय बनाना है। पीएनजीआरबी से पैनलबद्ध होने वाली समर्पित संस्था, छत्तीसगढ़ राज्य की प्रथम एवं एकमात्र गैर सरकारी संस्था है, जिसे उपभोक्ता जागरूकता गतिविधियों के संचालन की जिम्मेदारी प्रदान की गई है। संस्था कई वर्ष से विभिन्न नियामक संस्थाओं एवं सरकारी एजेंसियों के सहयोग से जन जागरूकता एवं उपभोक्ता हित संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पीएनजीआरबी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से राज्य के शहरी, ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में तेल व गैस क्षेत्र के उपभोक्ताओं को जागरूक करने, उनके अधिकारों की जानकारी देने व सुरक्षित एवं उत्तरदायी उपभोक्ता व्यवहार को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त होगी।

## निधन

### जगन्नाथ प्रसाद तिवारी

**बिलासपुर।** विनोबा नगर निवासी मोहभट्टा बिल्हा वाले पंडित जगन्नाथ प्रसाद तिवारी सेवानिवृत्त शिक्षक का 20 जून शनिवार को 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पंडित देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम सरकंडा में किया गया। वे पंडित अजय तिवारी, डॉ.अजीत तिवारी और अल्का अवस्थी के पिता थे।



### धनीराम साहू



**सकरी।** ग्राम परसदा निवासी धनीराम साहू का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे जगत साहू (सरपंच), बलराम, एवं पवन साहू के पिता थे।

### कला दलों से आवेदन कल तक

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में जनजागरूकता गतिविधियों को प्रभावी बनाने के लिए कलादलों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके लिए पात्र एवं पंजीकृत कलादल/कला मंडलियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम द्वारा जारी सूचना के अनुसार ऐसे कलादल एवं कला मंडलियां, जो गीत एवं नाट्य विभाग भारत सरकार, जनसंपर्क विभाग, छत्तीसगढ़ संवाद, सूचना प्रसारण अथवा संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन में पंजीकृत हों, चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय कलादल प्रशिक्षण कार्यक्रम, लखनऊ से प्रशिक्षण प्राप्त कलादलों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। इच्छुक आवेदक अपने आवेदन आवश्यक दस्तावेजों सहित 18 जून को सायं 5 बजे तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, नूतन चौक, सरकंडा, बिलासपुर में जमा कर सकते हैं।

### दिव्यांगों के लिए प्रशिक्षण 15 जुलाई से

**बिलासपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय आश्रयदत्त कार्यशाला तिफरा में 15 से 35 आयु वर्ग के अस्थिबाधित और श्रवण बाधित दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए 15 जुलाई 2026 से निशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है। इस सत्र में विभिन्न ट्रेडो के लिए प्रवेश दिया जाएगा। इनमें आर्मेचर वाईडिंग एवं इलेक्ट्रिकल व्यवसाय,योग्यता 8 वी उत्तीर्ण, सिलाई-कटाई 5वी उत्तीर्ण,ब्यूटी पार्लर 5 वी उत्तीर्ण,कंप्यूटर एसएस आफिस टायपिंग व्यवसाय 10वी उत्तीर्ण और स्क्रीन प्रिंटिंग 5 वी उत्तीर्ण शामिल है। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित इस केन्द्र का उद्देश्य दिव्यांग युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें मुख्याधारा से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना। इच्छुक व योग्य दिव्यांग छात्र-छत्राएं फल सब्जी मंडी रोड़ स्थित तिफरा कार्यलय में संपर्क कर प्रवेश पा सकते है।

---

**लांच हुआ नया पोर्टल** | **डिजिटल सुशासन मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम**

# एक ही प्लेटफार्म से मिलेगी 441 सेवाएं, सरकारी सेवाओं का सेतु बना पोर्टल

**बिलासपुर।** डिजिटल सुशासन को मजबूत बनाने की दिशा में राज्य शासन ने बड़ा कदम उठाते हुए पुराने लोक सेवा केंद्रों को आधुनिक सेवा सेतु केंद्र के रूप में विकसित किया है। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से लोगों को घर बैठे 441 से अधिक शासकीय सेवाओं का लाभ मिल रहा है। शासन की यह नई व्यवस्था सरकारी सेवाओं को शुरू पहले से अधिक पारदर्शी, सरल और तेज बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

जिला ई-गवर्नेस विभाग के अनुसार, पहले ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर केवल 86 सेवाएं उपलब्ध थीं, लेकिन नागरिकों की बढ़ती जरूरतों और तकनीकी विकास को ध्यान में रखते हुए सेवा सेतु




पोर्टल का विस्तार किया गया। अब इस एकीकृत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, विवाह प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व प्रकरण, नाम परिवर्तन के लिए राजपत्र प्रकाशन,पंजीयन आवेदन, शासकीय योजनाओं एवं विभागीय सेवाएं सहित 441 महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध है। सेवा सेतु पोर्टल का सबसे अधिक लाभ ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मिल रहा है। हाल ही में जिले के सेवा सेतु प्रबंधक की बैठक जलसंसाधन विभाग के मीटिंग हाल में रखी गई, जहां जिले के करीब 300 से अधिक प्रबंधकों ने पोर्टल के नए विभिन्न सेवाओं के बारे में जानकारी हासिल की। अब नागरिक घर बैठे ऑनलाइन आवेदन करने के साथ-साथ अपने आवेदन की स्थिति भी आसानी से ट्रैक कर सकते है। प्रत्येक सेवा के लिए तय समय-सीमा निर्धारित होने से कार्यों में तेजी आई है और भ्रष्टाचार पर भी प्रभावी नियंत्रण लगा है।

### राजपत्र का प्रकाशन आसान

आधार कार्ड, पेन कार्ड और जन्म प्रमाण में होने वाली त्रुटियों की सुधार के लिए लोगों को चप्पल घिसने पड़ते थे, इसके लिए राजपत्र का प्रकाशन मुख्य तौर पर बड़ी चुनौती साबित होता रहा है, आवेदकों को राजनांदगांव जाना पड़ता था, लेकिन सेवा सेतु पोर्टल में सीधे राजपत्र प्रकाशन की सुविधा जोड़ दी गई है। किसी भी सेवा सेतु प्रबंधक कार्यालय में जाकर इसके लिए आवेदन किया जा सकता है।

### 30 से अधिक विभाग की सेवाएं

ई-डिस्ट्रिकट प्लेटफार्म के माध्यम से महज 86 सेवाएं उपलब्ध थी, समय की आवश्यकता को देखते हुए इसका उन्न्त संस्करण सेवा सेतु विकसित किया गया है। नए सेवा सेतु पोर्टल में अब 441 से अधिक सेवाएं जोड़ी गई है। जिसमें 54 नई सेवाएं शामिल है, जबकि 329 विभागीय सेवाओं को एकीकरण किया गया है। 30 से अधिक सरकारी विभाग की सेवा अब पोर्टल पर उपलब्ध है। इससे लोगों को सीधे सरकारी कार्यालय की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी, वहीं एक क्लिक पर आवेदन के स्टेटस पता चल सकेंगे।

---

**खतरनाक गड्ढा...**



गोंड़पारा मुख्य मार्ग पर हुआ खतरनाक गड्ढा।

# राष्ट्र निर्माण में संवाद, संवेदना समरसता चिंतन की है आवश्यकता: मुकुल

**बिलासपुर।** सुदर्शन प्रेरणा मंच द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंचम सरसंघचालक स्व. सुदर्शन की स्मृति में आयोजित "यशोधरा व्याख्यानमाला" की ग्यारहवीं कड़ी का आयोजन शनिवार को कृषि महाविद्यालय सभागार में हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य मुकुल कानिटकर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।




अपने उद्बोधन में श्री कानिटकर ने कहा कि आगामी वर्षों में भारत विश्व के समक्ष एक वैचारिक एवं सांस्कृतिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल शासन का विषय नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता से संभव होता है। उन्होंने संवाद, संवेदना, समरसता और स्वदेशी चिंतन को सशक्त राष्ट्र निर्माण के प्रमुख आधार बताया। मुख्य वक्ता ने भारतीय जीवन दर्शन की चर्चा करते हुए कहा कि हिंदू चिंतन में संपूर्ण सृष्टि को एक परिवार के रूप में देखने की परंपरा है। उन्होंने सामाजिक समरसता, पारिवारिक मूल्यों, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वदेशी जीवन शैली को वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि समाज में मतभेद हो सकते हैं, परंतु संवाद समाप्त नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में ऐसे व्याख्यानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सुदर्शन जी के विचारों को स्मरण करते हुए राष्ट्रहित में समाज की सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की उन्नति के लिए नागरिकों में कर्तव्यबोध और अनुशासन का विकास आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि के रूप में पंडित सुंदरलाल शर्मा विवि बिलासपुर के कुलपति प्रो. वीरेंद्र कुमार सारस्वत तथा नगर संघचालक प्रदीप शर्मा उपस्थित रहे।

# खानदान-ए-मुस्तफा और बीबी फातिमा की सीरत से बेटियों के सम्मान का पैगाम

**बिलासपुर।** मोहर्रम के अवसर पर उसकी देन कमेटी द्वारा आयोजित मजलिस एवं तकरीर कार्यक्रम के तहत चौथे दिन धार्मिक एवं सामाजिक विषयों पर प्रेरणादायक बयान पेश किए गए।

एक ओर दिल्ली से पधारे मुख्य वक्ता प्रोफेसर मौलाना मुख्तार अशरफ ने खानदान-ए-मुस्तफा, हजरत खदीजतुल कुबरा, हजरत अली और बीबी फातिमा ज़हरा की सीरत पर प्रकाश डालते हुए बेटियों के सम्मान और महिलाओं की बेहतर परवरिश का संदेश दिया, वहीं रामजनी बाबा शेड में अलीमा फाजिला महशर जहाँ ने सूफी संतों की शिक्षाओं और महिलाओं के अखलाक पर विस्तृत तकरीर की। प्रोफेसर मौलाना मुख्तार अशरफ ने कहा कि इस्लाम की बुनियाद कुर्बानी, सच्चाई और इंसानियत पर कायम है। हजरत अली और बीबी फातिमा का निकाह पूरी इंसानियत के लिए आदर्श है, जो आपसी सम्मान, मोहब्बत, सादगी और तकवा की मिसाल पेश करता है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया बेटियों के अधिकारों और सम्मान की बात करती है, जबकि 1400 वर्ष पूर्व रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने अपनी बेटी हजरत फातिमा को जो सम्मान दिया, वह पूरी मानवता के लिए अनुकरणीय उदाहरण है। जब बीबी फातिमा रसूलुल्लाह की बारगाह में आती थीं तो नबी-ए-करीम अपनी जगह से खड़े हो जाते, उनका हाथ चूमते और उनका सम्मान करते थे। इससे यह शिक्षा मिलती है कि बेटियां रहमत होती हैं और उनका सम्मान करना ईमान का हिस्सा है। उन्होंने महिलाओं और बेटियों की शिक्षा, परवरिश और दीन की सही तालीम पर जोर दिया। इस अवसर पर फरहान बक्स, हसनैन अली, जियाउद्दीन प्यारे, इकराम भईया, अदनान अली, शाहिद लालखादान, शाहिल शेख आदि उपस्थित थे।



# सीएमडी में निःशुल्क सहायता एवं मार्गदर्शन केंद्र प्रारंभ

**बिलासपुर।** शुक्रवार को महाविद्यालय में प्रवेश हेतु विद्यार्थी एवं अभिभावक द्वारा रिबन काटकर सहायता केंद्र का शुभारंभ किया गया। समारोह में महाविद्यालय शासी निकाय अध्यक्ष डॉ.संजय दुबे एवं शासी निकाय सदस्य अमन दुबे तथा प्राचार्य डॉ.संजय सिंह उपस्थित थे।

एयू द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन नामांकन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ किए जाने के साथ ही सीएमडी कॉलेज ने विद्यार्थियों की सुविधा एवं छात्रहित को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय परिसर में निःशुल्क प्रवेश सहायता एवं मार्गदर्शन केंद्र की स्थापना की है। महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है। अनुभवी शिक्षकों की टीम विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन, आवश्यक दस्तावेजों तथा उच्च शिक्षा संबंधी विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत मार्गदर्शन उपलब्ध करा रही है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए महाविद्यालय परिसर में सहायता केंद्र, बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। इसके अतिरिक्त कला, वाणिज्य, विज्ञान, शिक्षा एवं प्रबंधन संकायों के वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों के लिए विशेष करियर काउंसलिंग एवं शैक्षणिक मार्गदर्शन की व्यवस्था भी की गई है। विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों, रोजगारोन्मुखी अवसरों एवं भविष्य की संभावनाओं के संबंध में आवश्यक सुझाव एवं परामर्श प्रदान किया जा रहा है। सभी व्यवस्थाएं महाविद्यालय के निकाय अध्यक्ष डॉ.संजय दुबे के मार्गदर्शन में की गई हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय सिंह ने प्रवेश प्रक्रिया के सफल बनाने शिक्षकों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए हैं।



# विजय वंदना हास्पिटल में मनाया गया जश्न

**बिजनेस प्लस**

**बिलासपुर।** विजय वंदना हास्पिटल में 18 जून को दूसरी वर्षगांव में समर्पित चिकित्सा सेवा, नवीनता और मरीजों की देखभाल के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के 2 वर्षो का जश्न मनाया गया।

कार्यक्रम में अस्पताल के डायरेक्टर, संचालक सभी वरिष्ठ डॉक्टर, नर्सेस और समर्पित सपोर्ट स्टाफ ने एक साथ आकर महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर चर्चा की। दो साल में हास्पिटल ने सफलतापूर्वक 45000 से अधिक मरीजों का ओपीडी और आईपीडी में इलाज करने के साथ क्रिटिकल केयर सुविधाओं का विस्तार किया। हास्पिटल के डायरेक्टर डॉ. विजय कुमार उनके बोर्ड मेम्बर्स डॉ. गणेश्वरी पात्रे, डॉ. संतोष उद्देश, डॉ. राजेश्वरी उद्देश्य, टीआर बाबा पात्रे ने सभी अतिथियों और कर्मचारियों को संदेश दिया कि हमारा वार्षिक दिवस हमारे डॉक्टरों, नर्सो और प्रशासनिक स्टाफ की अथक मेहनत, मजबूती और संवेदना को पहचानने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

समारोह में केक काटकर सभी विभाग के कर्मचारियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जिससे अस्पताल परिवार को अपनी दैनिक दिनचर्या से निकलकर साथ में मनोरंजन और आराम करने व अपनी साझा उपलब्धियों का जश्न मनाने का मौका मिला।



---

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक/क/ तह. / वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 18/06/2026
रा.प्र.क्र. ..../अ-6 (अ)/2025-26
ग्राम-जूना बिलासपुर, प.ह.नं. 36

ग्राम जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा-जूनाबिलासपुर, प.ह.न. 36 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 723/102 रकबा 0.012 हेक्टेयर भूमि का छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती के लिए आवेदक श्री अमित अग्रवाल पिता श्री सत्यदेव अग्रवाल, निवासी अज्ञेय नगर बिलासपुर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 03/07/2026 को प्रात: 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा मंगला, प.ह.नं. 35, रा. नि.मं. सरकंड़ा, खसरा नं. 1382/18, रकबा 1420 वर्गफीट, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि जो सुसंगत दस्तावेजों में विक्रेता मदन मोहन पाण्डेय, भारती तिवारी, माधुरी पाण्डेय एवं पूजा पाण्डेय सभी निवासी वार्ड नं. 01, स्कूलपारा पेण्ड्री, बिलासपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की है, जिसे मेरे पक्षकार श्री सुबोध खण्डेलवाल उम्र 46 वर्ष, पिता स्व. विनोद खण्डेलवाल,, निवासी गंगा भवन के पास गोंड़पारा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ. ग.) के द्वारा खरीदने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि दिया जा चुका है एवं निकट भविष्य में रजिस्ट्री होना तय है तथा जिस किसी संस्था, व्यक्ति अथवा बैंक को उक्त खरीदी पर आपत्ति हो तो मय दस्तावेज सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समय अवधि के पश्चात दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा और मेरा पक्षकार रजिस्ट्री करवा लेगा।

दिनांक:- 20/06/2026

**भवदीय**
**बृजराज सिंह**
**अधिवक्ता**
**मो. नं. 9827473453**
**कार्यालय - 2/3 नर्मदा नगर,**
**मंगला चौक के पास, बिलासपुर (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं लक्ष्मीन सोनवानी पिता सुख प्रसाद सोनवानी निवासी ढंनढन पोस्ट ढंनढन तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ 495330 का स्थाई निवासी हूँ। जो कि मैं अपने पूर्व नाम लक्ष्मीन सोनवानी (LAXMIN SONVANI) को परिवर्तित कर नया नाम लक्ष्मी (LAKSHMI) रख लिया लिया हूँ।

अत: अब से भविष्य मे मुझे सभी शासकीय, अर्ध शासकीय, सभी दस्तावेजों व निजी कार्यों में मेरे नया नाम लक्ष्मी (LAKSHMI) से जाना और पहचान जाए।

दिनांक: 20/06/2026

**लक्ष्मीन सोनवानी**
**पिता-सुख प्रसाद सोनवानी**
**निवासी - ढंनढन पोस्ट ढंनढन**
**तहसील तखतपुर**
**जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़**
**495330**

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :- जिला- बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00037 तोरवा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. CT202526400108300142

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00037 के अंतर्गत ग्राम तोरवा के वर्तमान भूमिस्वामी नरेन्द्र बसाक पिता/पति-पी. जी बसाक पता-दयालबंद बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 291/1/च (0.0160) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सृष्टि बताक , नीलेश बसाक पिता/पति-स्व. नरेन्द्र बताक पता-तोरवा जे.जे. हास्पिटल के सामने, मधुमिता बसाक पिता/पति-स्व. नरेन्द्र बताक पता-तोरवा जे.जे. हास्पिटल के सामने के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30/06/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/06/2026 को जारी किया जाता है।

**अतिरिक्त तहसीलदार: AKASH GUPTA**
**बिलासपुर**

**न्यायालय तहसीलदार सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक//वा./तह./2026
सीपत, दिनाँक 18/06/26

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र दास, धर्मेन्द्र कुमार दास पिता स्व. शशि कुमार लाल दास निवासी लिंगियाडीह बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम खजरी प.ह.नं. 18, रा.नि.मं. सीपत, तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 64/4, 87/1, 87/7, 87/8, 89/10, 90/1, 90/2, 91/1, 91/2, 87/38, 87/41, 87/46, 88, 89/1, 87/10, 87/12, 87/20, 87/34, 87/35, 92, 89/3, 89/7 कुल रकबा 30. 69 एकड़ भूमि राजस्व अभिलेखों में आवेदगणों के नाम पर दर्ज है। उक्त वाद भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्राप्त किये जाने हेतु आवश्यक दस्तावेज सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 6/7/20 के पूर्व अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/06/26 मुद्रा द्वारा को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार सीपत, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिलासपुर जैन सभा के द्वारा भूमिस्वामी (1) सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा पिता स्व. रामपाल सिंह कुशवाहा, (2) देवेन्द्र सिंह कुशवाहा पिता स्व. रामपाल सिंह कुशवाहा के नाम पर ग्राम सरकंडा प.ह.नं. 32 खसरा नम्बर 1122/2, रकबा 0.0400, खसरा नम्बर 1122/4, रकबा 0.145, खसरा नम्बर 1122/3, रकबा 0.0690, खसरा नम्बर 1122/39, रकबा 0.0700 में से 23,000 वर्गफुट नॉन डाइवर्टेड भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय- (1) दीपक जैन (अधिवक्ता) अध्यक्ष जैन सभाफ्लैट नं. 401, सन्मती विहार, मंगला बिलासपुर मो. 79874-2255(2) जय कुमार जैन फ्लैट नं. B-203 साईं परिसर श्रीकांत वर्मा मार्ग बिलासपुर मो. 94256-37611(3) भूपेंद्र चंदेरिया बाहुबली टाइल्स तिफरा बिलासपुरमो. 95897-51740


DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त


NBS
New Bharat Sweets
Swaad Jo Rahe Yaad
Grand Opening Celebration
Be a part of this special beginning & celebrate the taste of tradition with us.
Chief Guest
Hon. Amar Agarwal Ji
Former Minister, C.G. Govt.
Puja Vidhani Ji
Mayor, Bilaspur
SUNDAY 21st June 2026 1:00 pm
BILASPUR
New Bharat Sweets
Opp HDFC Bank Link Road, Bilaspur, Chattisgarh 495001
74008 10044, 46
#MGR

## खबर संक्षेप

### कोयले की हेराफेरी फरार आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर।** कोयले की हेराफेरी मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। लोखंडी भाटिया एनर्जी एण्ड कोल बेनिफिकेशन के कारखाना प्रबंधक आरके पाण्डेय पिता उदयनाथ पाण्डेय ने रिपोर्ट लिखाई थी। 9 जून को दीपका कोल माइंस से एफ / जी ग्रेड का कोयला भाटिया एनर्जी एण्ड बेनिफिकेशन के लिए मंगवाया गया था। 10 जून को सुबह 6 से 7 बजे के बीच ट्रक क्रमांक सीजी 10 बीक्यू, 8285, चालक उज्जैन अंसारी, ट्रक क्रमांक सजी 12 बीएल, 6247 चालक आंशिक हुसैन, ट्रक क्रमांक सीजी 12 बीएल, 6251 चालक फजल अंसारी कोयला लेकर आए। लैब से चेक करने पर एफ / जी ग्रेड का कोयला नहीं होना पाया गया। पूछताछ में ड्राइवरों ने दीपका से आते समय रतनपुर गतौरी स्थित बालाजी कोल ट्रेडिंग एण्ड कंस्ट्रक्शन के संचालक एवं सुपरवाइजर से मिली भगत कर एफ/ जी ग्रेड के कोयले को चोरी कर बेचना और उसकी जगह मिलीवटी कोयला भर देना बताया था। पुलिस ने उक्त मामले में फरार आरोपी अजय कुमार सिंह पिता राम सिंह 36 साल संवृद्धि विहार कोनी निवासी को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पूर्व 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

### ग्रामीण पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर।** दुकान जा रहे ग्रामीण के साथ एक युवक ने मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया है। घायल ग्रामीण को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। सकरी थाना के एएसआई राजकुमार वस्त्रकार ने बताया, अमेरी निवासी रमेश गेंदले 20 जून की सुबह 10.30 बजे सामन खरीदने दुकान जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में सत्य प्रकाश सुनहरे शेरू नामक युवक के साथ नशे में विवाद कर रहा था। वहां श्री गेंदले गुजरे तो सत्य प्रकाश उन्हें रोककर पूछताछ करने लगा, इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होने लगा। नशे में सत्य प्रकाश श्री गेंदले के साथ मारपीट करते हुए चाकू से पेट में जान हमला कर दिया और स्वयं नाली में गिर गया। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर डायल 112 के आरक्षक शिवकुमार मनोज ने पीड़ित व आरोपी को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया। सूचना पर सकरी पुलिस ने सिम्स पहुंचकर पीड़ित गेंदले का बयान के आधार पर हत्या के प्रयास का अपराध कायम कर आरोपी सत्य प्रकाश सुनहरे को गिरफ्तार कर लिया है।

### करंट की चपेट में आकर पति पत्नी की मौत





**बिलासपुर।** कपड़ा सुखाने के दौरान करंट की चपेट में आकर पति पत्नी की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मस्तूरी टीआई कृष्णचंद्र सिदार ने बताया, ग्राम कर्रा निवासी सचिन चंद्राकर पिता जीवनलाल चंद्राकर 45 साल, उनकी पत्नी रजनी चंद्राकर 32 साल एक निजी कालेज में रसोईया का काम करते थे। 20 जून की सुबह कालेज जाने के लिए पति पत्नी सोकर उठे और नहाकर कपड़ा सुखाने के लिए आंगन में आए। उनकी पत्नी ने गीला कपड़ा सुखाने के लिए जीआई तार में डाला तो करंट की चपेट में आकर चीखने चिल्लाने लगी। आनन फानन में पति सचिन चंद्राकर बचाने के प्रयास में पत्नी को पकड़ लिया और वे भी करंट के चपेट में आ गए। उनके बेटे ने बाहर निकलकर लकड़ी से जीआई तार को तोड़ दिया। उसके बाद दोनों पति पत्नी को इलाज के लिए मस्तूरी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया है। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

**8500 सीटें रह गईं खाली** | **प्रदेश में 21,975 सीटें गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए हैं आरक्षित**

# एक तरफ मारामारी तो दूसरी ओर आरटीई के तहत 849 बच्चों ने नहीं लिया एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निजी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) कानून के तहत गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित 8500 सीटें खाली रह गई हैं।

निजी स्कूलों में मुफ्त प्रवेश देने की प्रक्रिया में इस बार 13,383 सीटों पर ही बच्चों का प्रवेश हो पाया है। यानी आरक्षित सीटों में करीब 39 फीसदी सीटों पर प्रवेश नहीं हो सका। दरअसल, शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रदेश में 21,975 सीटें गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित हैं। गौरतलब है कि प्रदेश के 6.865 निजी स्कूलों में आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया आयोजित की गई थी। आवेदन, लॉटरी और चयन के बाद भी बड़ी संख्या में बच्चों का दाखिला नहीं हो पाया। इससे सवाल उठ रहे हैं कि चयनित बच्चों के स्कूल तक नहीं पहुंचने के पीछे कारण क्या है। आरटीई के तहत निजी स्कूलों में कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा का अधिकार देने की व्यवस्था की गई विभाग के सामने अब खाली सीटों के कारणों की पहचान कर अगले चरण में अधिक से अधिक बच्चों को एडमिशन दिलाने की चुनौती है।



**रिक्त सीटें**

| जिला | आरक्षित सीटें | रिक्त | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 2131 | 849 | 39.8 |
| रायपुर | 3096 | 799 | 25.8 |

### चयनित बच्चों का भी एडमिशन नहीं

इधर जानकारी मिल रही है कि कई जिलों में चयन के बाद भी प्रवेश प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। जिले में चयनित बच्चों में से कई का आवंटन नहीं हो पाया, वहीं कुछ आवेदन स्कूल स्तर पर निरस्त किए गए। विशेषज्ञों का कहना है कि केवल सीटें आरक्षित करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि चयन के बाद बच्चे का स्कूल तक पहुंचना और प्रवेश पूरा होना भी जरूरी है। इधर विभाग का कहना है कि अब खाली सीटों के कारणों की समीक्षा करेगा। अभिभावकों की अनभिज्ञता, स्कूलों तक पहुंच की समस्या और प्रक्रिया पूरी करने में देरी जैसे कारण भी रहे।

### सबसे ज्यादा सीटें बिलासपुर में है खाली

न्यायधानी बिलासपुर में सबसे ज्यादा 849 सीटें खाली रह गई हैं। दूसरी तरफ, राजधानी रायपुर में आरटीई के तहत सबसे ज्यादा सीटें आरक्षित थीं। जिले में कुल 3,096 सीटों में से 2,297 बच्चों का प्रवेश हुआ, जबकि 799 सीटें खाली रह गई। बिलासपुर, रायपुर के बाद अन्य बड़े जिलों में भी बड़ी संख्या में सीटें खाली रहीं। इससे शहरी क्षेत्रों में योजना की पहुंच और प्रक्रिया दोनों पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### की जाएगी समीक्षा

सीटें खाली क्यों रह गईं इसकी समीक्षा की जाएगी। सभी ब्लाकों से इसकी जानकारी मंगाई जा रही है।

**- रामेश्वर जायसवाल**
जिला शिक्षा अधिकारी

**जलकुंभी निकालकर नष्ट नहीं कर रहा निगम**

# उत्पाद बनाने के लिए जगह का आबंटन भी नहीं, इसलिए लगातार हो रहा फैलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**नए प्रोजेक्ट में महिलाओं को शून्य लागत में बढ़िया रोजगार मिलेगा**

गर्मियों में सूख जाने वाली जिले की जीवनरेखा अरपा में बारहों महीने पानी रखने के लिए एक ओर पचरीघाट और शिव घाट के पास बराज का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन जलकुंभी हटाने के लिए निगम प्रशासन अब तक कुछ नहीं कर पाया है। नदियों-तालाबों के जल को प्रदूषित करने वाली जलकुंभी हटाने के लिए अभी तक करोड़ों रुपए खर्च किए जा चुके हैं लेकिन इसका परिणाम नहीं के बराबर है।

- **प्रशासन ने नदी, तालाबों से जलकुंभी हटाने के लिए हार्वेस्टर मशीन भी खरीदी लेकिन नतीजा शून्य रहा**

इधर शहर की श्रीमती नीरजा सक्सेना और उनकी टीम ने जलकुंभी हटाने के साथ ही खूबसूरत-फैंसी उत्पाद बनाने की योजना बनाई है। इससे महिलाओं को शून्य लागत में बढ़िया रोजगार मिलेगा तो उत्पादों की बिक्री कर महिलाएं आत्मनिर्भर भी बनेंगी। निगम ने लेकिन इस प्रोजेक्ट के लिए जगह नहीं उपलब्ध करा पा रहा है। फिलहाल हालत यह है कि निगम नदी नालों से जलकुंभी तो निकाल रहा है लेकिन उसे वहीं किनारों पर छोड़ दे रहा है। इससे जलकुंभी पूरी तरह नष्ट नहीं हो पा रही है।

अरपा नदी में प्रतिदिन नगर निगम एरिया से 110 एमएलडी गंदा पानी छोड़ा जा रहा है, जिसके कारण प्रदूषण और जलकुंभी की समस्या गंभीर होती जा रही है। अप्रैल, मई में देवरीखुर्द, बरखदान जैसे तटवर्ती क्षेत्रों के ट्यूबवेल में गंदे पानी की समस्या उभरने लगती है। यह समस्या राजकिशोर नगर तक होती है। इसके बाद नगर निगम चेकडैम से पानी छोड़ने की मांग करता है, ताकि गंदगी बाहर निकल सके। साल 2020 में पहली बार छठघाट से जलकुंभी हटाने श्रमदान की शुरुआत की गई। इन्हीं दिनों हाईकोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने नदी, तालाबों से जलकुंभी हटाने के लिए हार्वेस्टर मशीन की खरीदी के लिए पहल की लेकिन नतीजा शून्य रहा।



छठघाट के पास अरपा नदी से जलकुंभी निकालती महिलाएं।

### प्रोजेक्ट तो बेहतर लेकिन जगह नहीं मिल रही

हालांकि शहर की नीरजा सक्सेना ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिलाएं साड़ी, पर्स, डलिया, चटाई और अन्य फैंसी सामान तैयार करेंगी। इन उत्पादों की ओमान,रूस फ्रांस सहित कई देशों में माग है। उत्पादों की मार्केटिंग जिला प्रशासन द्वारा की जाएगी। इसके लिए छठ घाट में जगह में महिलाओं को जगह देने की बात थी लेकिन इसे आबंटित नहीं किया जा रहा है। श्रीमती नीरजा सक्सेना इस क्षेत्र में पीएचडी भी कर चुकीं हैं। अपना एक प्रेजेंटेशन कलेक्टर संजय अग्रवाल और निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे को दिया। दोनों अधिकारियों ने प्रोजेक्ट को बेहतर बताते हुए इस पर काम करने की अनुमति दी है लेकिन कमी जगह की है।

### पानी के स्रोत को सुखा देती है जलकुंभी

गौरतलब है कि जलकुंभी में 94 फीसदी पानी और 6 फीसदी अन्य तत्व होते हैं। यह गर्मी में तेजी से विकसित होती है। जलकुंभी पानी के स्त्रोत को सुखा देती है। ऊपर तैरने वाली जलकुंभी और नीचे एजोला पाए जाते हैं। एजोला पानी के अंदर आक्सीजन को नियंत्रित करता है। एजोला सौर ऊर्जा से ग्रोथ करता है।

### जगह का किया जाएगा आवंटन

जलकुंभी निकालकर उससे नए और सस्ते उत्पाद बनाने का प्रोजेक्ट काफी अच्छा है। इसपसे महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा। प्रोजेक्ट के लिए बडी और बेहतर जगह की जरूरत होगी। इसके लिए छठघाट के साथ ही बिरकोना में स्थान देखा जा रहा है। जिला प्रशासन से भी बात चल रही है। जल्द ही जगह का आबंटन करते हुए महिलाओं को सौंप दिया जाएगा।

**- प्रकाश कुमार सर्वे**
निगम आयुक्त

# यात्री किराया नहीं बढ़ा जुर्माना देना होगा दोगुना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल प्रशासन ने सफर करने वाले यात्रियों के लिए टिकिट के रेट में बढ़ोत्तरी तो नहीं की, बल्कि बिना टिकिट सहित अन्य कार्यों में जुर्माने की राशि को बढ़ाकर दो गुना कर दिया है। रेलवे ने यह नियम 13 साल के बाद चेंज किया है, जिसमें अब एक जुलाई से बिना टिकिट सफर करने वाले लोगों को पेनाल्टी 250 रुपए के बजाय 500 रुपए चुकाना पड़ेगा। इसी तरह अन्य जुर्माने की राशि को भी रेल प्रशासन ने बढ़ा दिया है, जिसका बोझ यात्रियों पर 10 दिन बाद पड़ना शुरू हो जाएगा।

- **बेटिकिट यात्रियों को भरना होगा अधिक जुर्माना**

जानकारी के अनुसार रेलवे ने बिना टिकट यात्रा और नियमों के उल्लंघन पर सख्ती बढ़ाते हुए जुर्माने की राशि में बड़ा बदलाव किया है। एक जुलाई से बिना टिकट यात्रा करते पकड़े जाने पर यात्रियों को किराए के अलावा 500 रुपए जुर्माना देना होगा, जो पहले 250 रुपए था। किसी दूसरे व्यक्ति के टिकट पर यात्रा करने वालों पर भी यही दंड लागू होगा। महिला कोच में अनधिकृत प्रवेश करने वाले पुरुषों पर 2500 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। ट्रेन में बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े जाने पर अब पहले की तुलना में दोगुना जुर्माना देना होगा। अभी बेटिकट यात्रा करने पर यात्री से पूरा किराया वसूला जाता है और 250 रुपए जुर्माना लगाया जाता है। रेलवे की ओर से की गई नई व्यवस्था में यह जुर्माना बढ़ाकर 500 रुपए कर दिया गया है। नया नियम एक जुलाई से लागू होगा। नियम में यह बदलाव करीब 13 साल बाद किया गया है। इससे पहले वर्ष 2013 में जुर्माना 50 रुपए से बढ़ाकर 250 रुपए किया गया था।

रेलवे बोर्ड ने इसके अलावा कुछ और नियम भी बदले हैं। रेलवे के अनुसार कोई यात्री किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर बुक किए गए टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़ा जाता है तो उसका टिकट जब्त कर लिया जाएगा। इसके साथ ही उससे पूरा किराया और 500 रुपए जुर्माना वसूला जाएगा। इसके अलावा महिला कोच में प्रवेश करने वाले पुरुष यात्रियों पर 2500 रुपए तक का जुर्माना तय किया गया है।

### अदालत पहुंचने पर जुर्माने के साथ जेल भी

रेल अफसरों के अनुसार नए नियम जनविश्वास अधिनियम के तहत लागू किए जा रहे हैं। इनका मकसद बिना टिकट यात्रा तथा टिकट के दुरुपयोग को रोकना है। जुर्माना नहीं भरने की स्थिति में मामला अदालत में भेजा जाएगा, जहां जुर्माने के साथ जेल की सजा भी हो सकती है। रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे को निर्देश जारी कर इन नियमों की जानकारी अधिकारियों और कर्मचारियों तक पहुंचाने और सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा है। इसका पत्र एसईसीआर मुख्यालय में भी पहुंच गया है।

### प्रतिबंधित सामान पर 10 हजार तक जुर्माना

प्रतिबंधित सामान लेकर यात्रा करने पर दस हजार रुपए तक जुर्माना या नुकसान की भरपाई करनी होगी। स्टेशन या ट्रेन में अनधिकृत प्रवेश पर 500 रुपए का जुर्माना देना होगा। नशे की हालत में हंगामा करने पर 24 घंटे की जेल, 1000 जुर्माना या सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान है। अश्लीलता फैलाने या यात्रियों को परेशान करने पर 1000 रुपए जुर्माना या छह माह तक की जेल हो सकती है।

# फोरेंसिक मेडिसीन के लिए बनेगा लैब शवों के परीक्षण में भी मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नए सत्र से सिम्स में एमडी फोरेंसिक मेडिसीन की कक्षाएं लगेगी। एनएमसी की मान्यताओं के बाद सिम्स में स्टूडेंट प्रवेश की कवायद शुरू हो चुकी है। कक्षाओं के साथ ही शवों के परीक्षण और शोध के लिए सिम्स में लैब बनाने की तैयारी है। इसके लिए सिम्स ने बजट से 34 लाख रूपए का प्रावधान किया है, जिसके बाद मरच्यूरी के आसपास निर्माण किया जाएगा।

एमडी फोरेंसिक मेडिसीन जैसे विषयों का अध्ययन करने वाले स्टूडेंट के लिए मानव शव की जटिलताओं को समझना और प्रैक्टिकल कार्य के लिए नई कक्षाएं बनाने का कार्य शुरू किया जाएगा। निर्माण के लिए 34 लाख रूपए खर्च होंगे, वहीं मरच्यूरी और फोरेंसिक मेडिसीन को जोड़ते हुए शेड का निर्माण किया जाएगा। डीन डॉ रमणेश मूर्ति ने बताया कि हर माह सिम्स में 5 से 6 शव ऐसे प्राप्त होते है जिसकी मृत्यु अप्राकृतिक तौर पर हुई होती है। इनकी जांच और शोध के लिए फारेसिंक मेडिसीन के

- **मरच्यूरी के पास होगा 34 लाख का निर्माण कार्य**
- **पोस्टमार्टम में होने वाली दिक्कतों से मिलेगी निजात**

एमडी डाक्टरों की टीम लगती है, इसके लिए सिम्स में कक्षाओं की कमी देखी जा रही है, जिसके चलते फोरेंसिक मेडिसीन की कक्षाएं बनाने का जिम्मा लिया गया है। मरच्यूरी कक्ष के आसपास फोरेंसिक मेडिसीन की कक्षाएं बनाई जाएगी। इसका फायदा छात्राओं को हो सकेगा। यहां जरनल क्लब, गहन म्यूजियम, सेमीनार हाल भी बनाया जाएगा, जिसमें शैक्षणिक कार्य संचालित किए जाएंगे।

### एनएमसी ने दी थी सीट

हाल ही में यूजी के बाद अब एमडी फोरेंसिक मेडिसीन के प्रवेश के लिए सिम्स को मान्यता मिली है। करीब 2022 से एमडी फोरेंसिक मेडिसीन के एमडी की कक्षा सिम्स में चल रही है लेकिन जहां यूजी कक्षा के बच्चे पोस्टमार्टम में सहयोग दे पाते है वहीं पीजी के डाक्टर इससे शोध कार्य में पिछड़ जाते है। सिम्स में जगह की कमी को देखते हुए मरच्यूरी के ऊपर ही कक्षाएं लगाने का फैसला किया है। वर्तमान में एमडी फोरेंसिक मेडिसीन के प्रतिवर्ष 2 डाक्टरों का एडमिशन हो रहा है, अब तक 6 डाक्टर फोरेंसिक मेडिसीन एमडी बन चुके हैं।

# जिले के एक लाख किसान परिवारों को मिले 19 करोड़ 98 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पीएम किसान योजना के अंतर्गत शनिवार को 23वीं किस्त जारी की गई। जिले के 99 हजार 906 किसान परिवारों के खातों में लगभग 19 करोड़ 98 लाख रुपये की राशि पहुंची।

- **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी**

प्रधानमंत्री के संबोधन के लाइव प्रसारण की व्यवस्था कृषि विज्ञान केंद्र, सरकंडा में की गई थी, जहां बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। किसानों ने समय पर आर्थिक सहायता मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे खरीफ फसल की तैयारी में उपयोगी बताया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि खेती के महत्वपूर्ण समय पर सम्मान निधि की राशि मिलने से किसानों को बीज, उर्वरक एवं अन्य कृषि आदानों की व्यवस्था में सहायता मिलेगी। उन्होंने किसानों से रासायनिक खाद के स्थान पर जैविक खाद के अधिकाधिक उपयोग का आग्रह करते हुए कहा कि जैविक खेती से भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहती है तथा स्वस्थ और स्वादिष्ट खाद्यान्न का उत्पादन होता है, जिससे लोगों का स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति अध्यक्ष के प्रतिनिधि जोगेंद्र कश्यप, उप संचालक कृषि पीडी हाथेश्वर, केवीके के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ.गीत शर्मा, कृषि महाविद्यालय के डीन आरकेएस तोमर सहित कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

# हवाई संघर्ष समिति का धरना, उठाई गई लंबित मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। सदस्यों ने कहा कि बिलासपुर एयरपोर्ट में रनवे का विस्तार जानबूझकर नहीं किया जा रहा है। कुछ राजनैतिक और आला अधिकारी बिलासपुर में बड़ा एयरपोर्ट बनाने से बच रहे हैं।

समिति ने कहा राज्य के 25 सालों में राजनीतिक, उद्योगपति और अधिकारियों का एक समूह तैयार हुआ है जिनका पूरा ध्यान रायपुर और नया रायपुर में निवेश क्षमताओं को बढ़ाना है। प्रदेश के अन्य शहर में विकास से कोई सरोकार नहीं है। उनकी आर्थिक खेत सीधी रूप से रायपुर व नया रायपुर सेक्टर में जुड़ी है। एक तरफ तो बिलासपुर एयरपोर्ट के लिए 500 करोड़ रुपए की राशि नहीं निकल वहीं रायपुर, दुर्ग ,भिलाई, राजनांदगांव तक 12000 करोड़ रुपए का मेट्रो रेल लाइन का प्रोजेक्ट लाया जा रहा है। कई शहरों में मेट्रो रेल लाइन परियोजनाएं बनने के बाद भी घाटे में चल रही है ऐसे में रायपुर -दुर्ग- भिलाई क्षेत्र में परियोजना के औचित्य पर सवाल उठने लगे है। समिति ने कहा कि रनवे विस्तार में 100 करोड़ रुपए भी नहीं लग रहा है, लेकिन इसके बाजवूद देरी की जा रही है। इस दौरान प्रतीक तिवारी, रशीद बख्श, मजहर खान, अमर बजाज, चित्रकांत श्रीवास, संतोष पीपलवा, विभूतिभूषण गौतम, ऋषि राज गौतम, आशुतोष शर्मा,अकील अली आदि शामिल थे।



### झांसा देकर रिटायर्डकर्मी से 97 हजार की ठगी

**बिलासपुर।** डीपूपारा निवासी रिटायर्डकर्मी अरूप कुमार पाल ने रिपोर्ट लिखाई। 5 जून की दोपहर 3 बजे उन्हें एक व्यक्ति ने फोन कर स्वयं को यूको बैंक बिलासपुर का कर्मचारी बताते कहा उनका बैंक खाता केवाईसी अपडेट नहीं होने के कारण बंद किया जा सकता है। उन्हें केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इसी दौरान उनके बैंक खाते में एक रुपए की राशि क्रेडिट हुई। इसके बाद मोबाइलधारक ने उनसे ओटीपी लेकर दो किश्तों में 97 हजार रुपए ट्रांसफर कर निकाल लिया। उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग में नं. 1
आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## शाला प्रवेश उत्सव

## मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी सोच को साकार करने का प्रयासः साहू



**सरगांव।** नगर पंचायत सरगांव में जरूरतमंद एवं दिव्यांगजनों की सहायता के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 13 की निवासी श्रीमती निर्मला देवी देवार एवं वार्ड क्रमांक 15 के निवासी श्री प्रदीप कुमार यादव को व्हीलचेयर प्रदान की गई। शारीरिक असक्षमता के कारण दोनों हितग्राहियों को दैनिक जीवन के कार्यों एवं आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद मनोज यादव, पवन साहू सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## बाबा डोंगरी शक्तिपीठ के शेड निर्माण में अनियमितता का आरोप



**पेंड्रा।** जनपद पंचायत गौरेला अंतर्गत ग्राम पंचायत धनगवां के ग्रामीणों ने विधायक मद से स्वीकृत शेड निर्माण कार्य में अनियमितता और राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कलेक्टर को शिकायत सौंपकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि बाबा डोंगरी सिद्ध बाबा शक्तिपीठ में शेड निर्माण के लिए विधायक मद से 3 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि स्वीकृत स्थल पर निर्माण कार्य नहीं कराया गया और ग्राम पंचायत के उपसरपंच द्वारा बिना ग्रामवासियों की सहमति के किसी अन्य स्थान पर शेड का निर्माण करा लिया गया। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा स्वीकृत स्थल पर शेड निर्माण सुनिश्चित कराने की मांग की है। आवेदन पर कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर भी दर्ज हैं। ग्रामीणों ने कहा कि मामले में उचित कार्रवाई कर उन्हें न्याय दिलाया जाए।

## पतंजलि योग समिति ने किया पूर्वाभ्यास



**मुंगेली।** पतंजलि योग समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून की तैयारी हेतु चलाए जा रहे सात दिवसीय कामन योग प्रोटोकाल श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम स्थित पुष्प वाटिका में पूर्वाभ्यास किया गया। मुख्य योग शिक्षक एवं जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति विवेक केसरवानी एवं सह योग शिक्षक रामकिंकर सिंह के निर्देशन में प्रतिदिन प्रातः 6:15 से 7:30 बजे तक सैकड़ों योग साधकों ने प्रोटोकाल का सूक्ष्मता से अभ्यास किया। समापन अवसर पर योग शिक्षक विवेक केसरवानी ने बताया कि सभी साधक 21 जून को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मुख्य कार्यक्रम के लिए पूर्णतः तैयार हैं। इस दौरान आसन, प्राणायाम, ध्यान का क्रमबद्ध अभ्यास कराया गया। समिति ने मुंगेली जिले के सभी नागरिकों से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेकर एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम को सार्थक करने की अपील की है।

## मेंटेनेंस कार्य के दौरान गर्म स्पंज आयरन की चपेट में आए श्रमिक



**सरगांव।** रामबोड़ स्थित संयंत्र में औद्योगिक दुर्घटना होने से प्लांट में गुरुवार सुबह मेंटेनेंस कार्य के दौरान हुए हादसे में तीन कर्मचारी झुलस गए। 2 कर्मचारियों का बिलासपुर में उपचार जारी है। एक की हालत नाजुक होने पर उसे बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है। सभी घायलों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार कीलन डिस्चार्ज गेट के मेंटेनेंस के दौरान अचानक गेट खुल जाने से गर्म स्पंज आयरन की चपेट में आकर तीन कर्मचारी घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, घायलों की पहचान अमित कुमार (बिहार), योगेश मीणा (मध्य प्रदेश) और अमरेश दत्ता (ओडिशा) के रूप में हुई है।

## मजदूरी के पैसे मांगने पर गाली गलौज, मारपीट

**तखतपुर।** पैसे मांगने की बात को लेकर आरोपी ने प्रार्थिया और उसके बेटे के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार मूर्तिपारा तेंदूआ निवासी सबेरी बाई गेंदले 19 जून को शाम 7 बजे अपने बेटे संजय व धर्मेंद्र के साथ तालाब गई हुई थी जहां उसने प्रीतम से मजदूरी की पैसे की मांग की तभी प्रीतम, गब्बार अन्य साथीयों के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी।

### बारिश से पहले प्रशासन की निगरानी में की जा रही सफाई

# मुंगेली नगर की जीवन रेखा और सांस्कृतिक धरोहर है आगर नदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नगर के मध्य में बहने वाली आगर नदी की सुध प्रशासन ने ली है। नदी के मध्य में टीले का स्वरूप ले चुके कचरे के ढेर एवं नदी को कचरा मुक्त, स्वच्छ और संरक्षित करने के लिए हरिभूमि में लगातार समाचार प्रकाशित होती रही है। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भी समय–समय पर जिला प्रशासन से लगातार गुहार लगाई जा रही थी। जनभावनाओं और नागरिकों की इस जायज मांग को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने नदी के कचरे को साफ करने की पहल की है।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन में नगर पालिका परिषद एवं जल संसाधन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आगर नदी के कायाकल्प के लिए एक वृहद स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया गया। वर्तमान में नदी के भीतर और किनारों पर जमी गंदगी व सिल्ट को हटाने के लिए जेसीबी मशीनें लगाई गई है। इस महाअभियान के दूसरे दिन प्रशासनिक अमला मैदान में उतरा। एसडीएम अजय शतरंज एवं नगर पालिका के सीएमओ होरी सिंह ठाकुर ने आगर नदी के सफाई कार्य का बारीकी से औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद तकनीकी टीम को निर्देशित किया कि आगामी मानसून के आगमन को देखते हुए कार्य की रफ्तार को और तेज किया जाए, ताकि बारिश का पानी आने से पहले नदी का प्रवाह मार्ग पूरी तरह साफ हो सके और जल भराव की स्थिति निर्मित न हो। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नदी को सिर्फ प्रशासनिक प्रयासों से साफ नहीं रखा जा सकता, इसके लिए जनभागीदारी सबसे जरूरी है। आने वाले दिनों में आगर नदी को हमेशा के लिए स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए एक विशाल 'श्रमदान अभियान' चलाया जाएगा।



जेसीबी से की जा रही नदी की सफाई।

### सामाजिक संगठनों से जुड़ने की अपील

प्रशासन ने नगर के आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं और जिले के सभी शासकीय अधिकारियों–कर्मचारियों से अपील की है कि वे इस पवित्र अभियान का हिस्सा बनें और अपनी जीवनदायिनी नदी को बचाने के लिए श्रमदान करें। आगर नदी केवल एक जलस्रोत नहीं है, बल्कि यह मुंगेली नगर की जीवन रेखा और सांस्कृतिक धरोहर है। नदी की सफाई के लिये जल संसाधन विभाग और नगर पालिका को समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं। यह अभियान केवल सरकारी प्रयास नहीं है, बल्कि हम इसमें जन–भागीदारी सुनिश्चित करेंगे ताकि भविष्य में भी नदी स्वच्छ बनी रहे। नगर पालिका की पूरी टीम और मशीनरी आगर नदी को कचरा मुक्त बनाने के लिए जुटी हुई है।

## कृषि और ऋषि परंपरा भारत की संस्कृति की पहचानः तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

खरीफ सीजन की शुरुआत से पहले जिले के किसानों को बड़ी राहत और आर्थिक संबल मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी किए जाने के साथ ही मुंगेली जिले के 85 हजार 324 किसानों के बैंक खातों में सीधे 17 करोड़ 6 लाख रुपये हस्तांतरित किए गए। बीज निगम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन एवं निधि हस्तांतरण का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया।

केंद्रीय राज्य मंत्री श्री साहू ने कहा कि कृषि और ऋषि परंपरा भारत की संस्कृति की पहचान रही है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहती है और लोगों को स्वस्थ जीवन मिलता है। उन्होंने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार दलहन फसलों को विशेष प्रोत्साहन दे रही है तथा प्रति एकड़ 15 हजार रुपये तक की सहायता का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि सम्मान निधि अंतर्गत यह आर्थिक सहायता के साथ–साथ पर्यावरण अनुकूल खेती की दिशा में जिले के कृषि विकास को नई गति देने वाली साबित होगी। बिल्हा विधायक श्री कौशिक ने किसानों को जैविक खेती की ओर अग्रसर होने का आह्वान करते हुए कहा कि बढ़ती स्वास्थ्य जागरूकता के कारण जैविक उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। उन्होंने महिला स्व–सहायता समूहों की सराहना करते हुए कहा कि ड्रोन दीदी जैसी योजनाएं ग्रामीण महिलाओं को कृषि क्षेत्र में नई पहचान और आय के अवसर प्रदान कर रही हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले इस आयोजन ने किसानों में नया उत्साह पैदा किया है। मुंगेली विधायक श्री मोहले ने कहा कि प्राकृतिक खेती वर्तमान समय की आवश्यकता है। इससे खेती की लागत कम होती है, उत्पादन की गुणवत्ता बेहतर होती है और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटती है।

- बीज निगम के कार्यक्रम के शामिल हुए केंद्रीय राज्य मंत्री

उन्होंने किसानों से जैविक खाद के उपयोग को बढ़ाने और शासन की कृषि योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान आयोजित जैविक कृषि कार्यशाला में कृषि विशेषज्ञों ने प्राकृतिक खेती, गो आधारित कृषि पद्धति, जैविक खाद निर्माण और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारी–कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में किसान तथा जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष श्री राकेश यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन में अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## अस्पताल में हंगामा मचाने वाले तीन के खिलाफ जुर्म दर्ज



**लोरमी।** नगर के शासकीय 50 बिस्तर अस्पताल में निजी एम्बुलेंस संचालक एवं चालक सहित तीन लोगों का अस्पताल परिसर से जबरन मरीज को ले जाकर शासकीय कर्मचारियों से बदसलूकी कर हंगामा मचाने का वाले तीन लोगों के खिलाफ़ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर उनकी तलाश प्रारम्भ कर दी है।

जानकारी के अनुसार स्थानीय 50 बिस्तर अस्पताल मे खंण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ जीएस दाऊ ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 17-18 जून के मध्य अजय टंडन, दुर्गेश एवं आकाश के द्वारा हास्पिटल परिसर के अंदर अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर शासकीय कार्य में बाधा डाला। उन्होंने अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हास्पीटल के भर्ती मरीज को बिना अनुमति के अपने प्रायवेट एम्बुलेंस से जबरदस्ती ले गए। हंगामा करने वालों का वीडियो फुजेट वायरल है।

पुलिस ने मामले में अजय टंडन पिता भागवत उम्र लगभग 26 वर्ष प्राइवेंट एम्बुलेंस चालक एवं दुर्गेश पिता भागवत उम्र 22 वर्ष, आकाश पिता भागवत उम्र 20 वर्ष सभी निवासी ग्राम सेमरिया एवं अन्य के विरुद्ध धारा 296, 351,(3), 221, 132,(3),(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## उपका में मना शाला प्रवेश उत्सव



**बेलगहना।** ग्राम उपका स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला के संयुक्त तत्वावधान में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच रामकुमारी उइके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक बलदाऊ दुबे एवं कौशल सिंह उरेती मंचासीन रहे। प्रधान पाठक रामखेलावन बेग एवं शिक्षिका कुसुम बुनकर ने अतिथियों एवं ग्रामीणों का स्वागत किया। नव प्रवेशी बच्चों को शाला परिवार द्वारा तिलक लगाकर प्रवेश दिलाया गया। नव प्रवेशी बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश का वितरण भी किया गया। पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक सूर्यकांत वाजपेई ने कहा कि आप अपनी सबसे बड़ी पूंजी, अपने बच्चों को, स्कूल रूपी बैंक में जमा करते हैं। हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि आपके बच्चों के भविष्य को सजाने और संवारने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। कार्यक्रम को संचालित करने में कुमारी मोनिका मार्को का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में कृष्णा जगत ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दोनों विद्यालयों का समस्त शिक्षक स्टाफ, एसएमसी अध्यक्ष, सदस्य तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## ग्राम छिरहट्टा में लगा विशेष जनजागरण व स्वास्थ्य शिविर



**मुंगेली।** सुदूर बैगा बाहुल्य ग्राम छिरहट्टा में विशेष जनजागरण एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य टीबी एवं कुष्ठ रोग की शीघ्र पहचान, उपचार तथा ग्रामीणों में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना था। शिविर के आयोजन से पूर्व कोटवार के माध्यम से मुनादी कराई गई तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों द्वारा घर-घर जाकर ग्रामीणों को शिविर में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में कुल 51 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिला क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे ने सभी मरीजों की जांच कर आवश्यक उपचार एवं दवाइयां उपलब्ध कराईं। उन्होंने ग्रामीणों को टीबी और कुष्ठ रोग के लक्षण, बचाव एवं समय पर उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर में उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी पाम्पलेट भी वितरित किए गए। शिविर के सफल आयोजन में जिला कार्यक्रम समन्वयक अमिताभ तिवारी, डीपीपीएमसी अमित सिंह, पीएमडीटी समन्वयक धीरज रात्रे, आरएचओ राजकमल कोरे तथा मितानिनों का विशेष योगदान रहा। ग्रामीणों ने भी स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए इसे उनके लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

## डीईओ के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों पर होगी कार्रवाई



**पेंड्रा।** जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी ने शनिवार को विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों के प्रति नाराजगी जताते हुए उन्होंने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध भी तत्काल कार्रवाई करने को कहा। डीईओ ने प्राथमिक शाला रूपनडांड एवं माध्यमिक शाला पकरिया का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय में बच्चों की पुस्तकें, शैक्षणिक सामग्री तथा साइंस किट अव्यवस्थित अवस्था में पाए जाने पर उन्होंने प्रधान पाठक को फटकार लगाते हुए व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने हाई स्कूल केंवची का निरीक्षण किया, जहां विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ उपस्थित मिले।

## पैसों के लिए युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**तखतपुर।** एक सप्ताह पहले हुए हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बासाझांल जमुनाही पारा निवासी भुवन सिंह ध्रुव की लाश 13 जून को खेत में मिली थी। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी तथा आसपास के सीसीटीवी कैमरे की भी जांच की गई, तब पुलिस को आटो की सुराग मिली। उसी आधार पर पुलिस आरोपी के पास पहुंचा। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि आरोपी अशोक श्रीवास पिता तिहारू राम श्रीवास मनपहरी निवासी मृतक को पहले से जानता था। उसे पता चला कि भुवन सिंह खेत बेचकर पैसा रखा हुआ है। तो वह 13 जून को अपने आटो क्रमांक सीजी 10 बीएन 1761 में भुवन को लेकर जंगल में आया और खूब शराब पिलाई।

## बैठक में संगठन की मजबूती और समाज के उत्थान पर चर्चा



**पथरिया।** नगर के सामाजिक भवन में गड़डिया समाज की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर सहित पथरिया क्षेत्र के विभिन्न गांवों से सामाजिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बैठक की शुरुआत माता अहिल्याबाई होलकर के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर एवं श्रद्धांजलि अर्पण के साथ की गई। इसके पश्चात समाज के विकास, संगठन की मजबूती तथा सामाजिक एकता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने समाज के प्रत्येक व्यक्ति को संगठित करने, युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने पर जोर दिया। साथ ही समाज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया गया।

## संयुक्त संचालक ने लिया स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा



**मुंगेली।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की संभागीय संयुक्त संचालक (स्वास्थ्य सेवाएं), बिलासपुर डा. गायत्री बांधी ने मुंगेली जिले के स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, व्यवस्थाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं, जिनका लाभ आम नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुंच रहा है। निरीक्षण के दौरान डा. बांधी ने सर्वप्रथम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दशरंगपुर का भ्रमण किया। उन्होंने लेबर रूम, वैक्सीन स्टोरेज, दवा भंडार, प्रसूति वार्ड, पट्टी कक्ष, योगा पटल तथा स्वच्छता व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अस्पताल के अभिलेखों और दस्तावेजों का अवलोकन करते हुए उन्होंने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

# मुंगेली जिले में बने 8 लाख हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड



**मुंगेली।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में जिले ने उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए पूरे छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने और प्रत्येक पात्र हितग्राही को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान करने की दिशा में किए गए सतत प्रयासों का परिणाम है। जिले को निर्धारित 8 लाख 26 हजार 980 आयुष्मान कार्ड निर्माण के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 7 लाख 95 हजार 330 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। इस प्रकार जिले ने 96.17 प्रतिशत कवरेज प्राप्त कर राज्य स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है।

यह सफलता जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, विकासखंड स्तरीय अधिकारियों, आयुष्मान मित्रों तथा मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के समन्वित एवं समर्पित प्रयासों का प्रतिफल है। शेष पात्र हितग्राहियों तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिससे जिले में शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड कवरेज सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार आयुष्मान कार्ड की उपयोगिता बढ़ाने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा की अध्यक्षता में जिले के सभी विकासखंडों के चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी शासकीय अस्पतालों को निर्देशित किया गया कि भर्ती होने वाले पात्र मरीजों का उपचार आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए तथा क्लेम प्रक्रिया का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए, ताकि अधिक से अधिक हितग्राही योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा कवच को मजबूत बनाने के लिए 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के नागरिकों हेतु वय वंदना कार्ड पंजीयन अभियान भी तेज गति से संचालित किया जा रहा है। राज्य स्तर से निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप जिले में पंजीयन कार्य युद्धस्तर पर जारी है। योजना के सुचारू संचालन और क्लेम प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जिले के समस्त संबंधित ऑपरेटरों को एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण में आयुष्मान पोर्टल संचालन, मरीज पंजीयन, भर्ती प्रक्रिया, क्लेम प्रबंधन एवं तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## नगर पालिका रतनपुर में बढ़ी सियासी हलचल




- भाजपा–कांग्रेस के पार्षदों ने एकजुट होकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रतनपुर।** नगर पालिका परिषद में इन दिनों अंदरूनी खींचतान की चर्चा जोरों पर है। नल-जल विभाग में पदस्थ कर्मचारी को लेकर शुरू हुआ विवाद अब नगर की राजनीति में बड़ा मुद्दा बनता नजर आ रहा है। नगर पालिका परिषद के भाजपा एवं कांग्रेस पार्षदों ने एकजुट होकर कलेक्टर बिलासपुर को ज्ञापन सौंपते हुए संबंधित कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से हटाकर अन्य विभाग में पदस्थ करने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 मई को नगर पालिका के नल-जल विभाग में पदस्थ एक कर्मचारी की कार्यप्रणाली को लेकर पार्षदों ने सीएमओ सुखसागर खुंटे को लिखित शिकायत दी थी। पार्षदों का आरोप है कि कर्मचारी की कार्यशैली के कारण नगर के कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं तथा आम जनता की समस्याओं और शिकायतों का जवाब पार्षदों को देना पड़ता है। पार्षदों ने बताया कि उनके द्वारा सीएमओ से निवेदन किया गया था कि उक्त कर्मचारी को अन्य विभाग में कार्य सौंपा जाए, लेकिन लंबे समय बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से उन्हें कलेक्टर के समक्ष ज्ञापन सौंपने के लिए मजबूर होना पड़ा।